# बारिश पूर्व जर्जर पेड़ों के साथ जीर्ण-शीर्ण भवनों की भी सुध ले ननि

28-4-22

रतलाम। हाल ही में स्थानीय पैलेस रोड पर बड़ा हादसा हो गया। इसमें बड़ा पेड़ अचानक राहगीरों पर गिरने से बाइक सवार और स्कूटी चालक गंभीर रूप से घायल हो गए। इनमें एक को रीढ़ की हड्डी टूटने पर मुंबई ले जाना पड़ा। हादसे वाले स्थान के आसपास सब्जी मंडी लगती है, इसलिए ये हादसा और भयावह हो सकता था। इससे सबक लेकर निगम को शहर में सभी जर्जर और सूखे पेड़ों की सुध लेना चाहिए। बारिश से पूर्व ही शहर के जीर्ण-शीर्ण भवनों को गिराने का क्रम भी पूरा किया जाना चाहिए, अन्यथा बाद में सांप निकलने के बाद लाठी पीटने की कहावत चरितार्थ होगी। 3576

गौरतलब है कि नगर निगम द्वारा हर साल बारिश के दौरान जीर्ण-शीर्ण भवनों के मालिकों को नोटिस जारी किए जाते हैं। इसके बाद मामला ठंडा पड़ जाता है, जब भी कोई हादसा होता है, तभी ऐसे मामलों में कार्यवाही की गंभीरता दिखाई जाती है। यदि हादसे होने के पहले ही निगम अमला और प्रशासन सजगता दिखाकर कार्यवाही करे, तो हादसों के कारण प्रभावित होने वाले परिवारों को बड़ी राहत मिलेगी। एक जानकारी के मुताबिक रतलाम में 500 से अधिक भवन जीर्ण-शीर्ण हो रहे हैं। बारिश में ऐसे भवनों के गिरने की आशंका बनी रहती है। पिछले सालों में हुए कुछ हादसों में लोगों की जानें भी गई हैं।

पैलेस रोड पर गुलमोहर का पेड़ गिरने का हादसा भी शहरवासियों को नया सबक दे गया है। इसके बाद जीर्ण-शीर्ण भवनों के साथ-साथ शहर में स्थित पेड़ों और अन्य खतरनाक स्थानों की सुध लेने की आवश्यकता महसूस की जा रही है। दरअसल वर्षाकाल में पेड़ गिरने की घटनाएं आम बात है, लेकिन पैलेस रोड पर बिना बारिश या आंधी-तूफान के पेड़ गिर गया। इससे लगता है कि यदि समय रहते ऐसे पेड़ों की सुध नहीं ली गई, तो वे हानिकारक हो सकते हैं।

पैलेस रोड के जिस स्थान पर पेड़ गिरा, उसके और आसपास के पेड़ों के नीचे बड़ी संख्या में फल और सब्जी विक्रेता बैठते है। यदि वे चपेट में आते, तो बड़ा हादसा हो सकता था। पेड़ के साथ मौके पर बिजली के तार भी सड़क पर आ गिरे थे और उनमें विद्युत आपूर्ति भी चालू थी। कहने को हर साल बिजली कंपनी बारिश पूर्व और बाद में अपनी लाइनों का रखरखाव करती है, लेकिन ऐसे हादसों पर ना तो उसका जोर चलता है, ना ही किसी और का। ऐसी स्थिति में समय रहते नगर निगम द्वारा जागरूकता दिखाना ही पूरे शहर के लिए लाभदायी रहेगा।

---

## रात्रिकालीन सफाई के 10 कर्मचारियों का एक दिवस का वेतन काटा

रतलाम (आरएनएन)। शहर के व्यावसायिक क्षेत्रों की रात्रिकालीन सफाई व्यवस्था का निगम आयुक्त निरीक्षण किये जाने पर राहुल-राजकपूर, अमन सुदेश, अमित-बालकिशन, संदीप-संजय, विक्रम-कुन्दन, राकेश-रमेश, [illegible]-मिट्ठू, सुनील-रतन व तेजकिरन-देवकरण द्वारा अपने कर्तव्य स्थल पर अनुपस्थित पाये जाने पर संबंधित कर्मचारियों का एक दिवस का वेतन काटने व सेवा से बर्खास्त किये जाने हेतु कारण बताओ सूचना पत्र जारी किये जाने के निर्देष संबंधित को दिये।

# 27 सफाई मित्रों का 1 दिन का वेतन काटा

## बिना सूचना के अनुपस्थित रहने वाले कर्मचारी होंगे सेवा से बर्खास्त

रतलाम ■ राज न्यूज नेटवर्क 28-4

वार्डो में स्वच्छता पर्यवेक्षण हेतु नियुक्त पर्यवक्षकों द्वारा वार्डो में प्रातः 6 व दोपहर 2 बजे सफाई मित्रों की उपस्थिति को चेक किया गया जिसके तहत 27 सफाई मित्र बिना सूचना के अनुपस्थित पाये जाने पर निगम आयुक्त के निर्देशानुसार एक व आधे दिवस का वेतन काटा जाकर सेवा से बर्खास्त/निलबंन का कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया। ऐसे सफाई मित्र जो कि प्रातः की शिफ्ट में उपस्थित रहते हैं व दोपहर की शिफ्ट में बिना सूचना के अनुपस्थित रहने पर संबंधित का पुरे दिवस का वेतन काटा जायेगा।

### ये रहे अनुपस्थित कर्मचारी

25 अप्रैल सोमवार को झोन क्रमांक 1 में पुष्पाबाई पति प्रहलाद, बादल-दिलीप, उमेश-प्रहलाद, विजय-सुरेश, अजय-विनोद, विजय-फूलचन्द, झोन क्रमांक 2 में धनराज-बसंत, विक्रम-रामलाल, रानीबाई पति धीरज, राजु-अब्जी, उषाबाई पति धन्नालाल, संगीताबाई पति अनिल, रेखाबाई पति जगदीश, इन्द्राबाई पति दिनेश, दीपक-राजू, कन्हैया-कमल, संजय-शिव, झोन क्रमांक 3 मुकेश-दिनेश, रीना पति मुकेश, दोपहर की शिफ्ट में झोन क्रमांक 2 में रघुवीर-पूनमचन्द, नरेन्द्र-पप्पू, मनोरमा बाई पति मदन, अनिताबाई पति दीपक, लक्ष्मीबाई पति दीपक, झोन क्रमांक 3 में दिनेश-बाबुरामा इस तरह 25 कर्मचारियों द्वारा बिना सूचना के अपने कर्तव्य स्थल से अनुपस्थित पाये जाने पर एक दिवस का वेतन काटा जाकर सेवा से बर्खास्त/निलबंन का कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया।

### जिले में 100 अमृत सरोवर बनाने की योजना, बैठक में कलेक्टर ने अधिकारियों को दिए निर्देश

# जलापूर्ति के लिए जनसहयोग से बनेंगे तालाब 40 सरोवरों के लिए जुटाई एक करोड़ की राशि

रतलाम ■ राज न्यूज नेटवर्क 28-4-22



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा प्रदेश में अमृत सरोवरों का निर्माण कराया जा रहा है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर रतलाम जिले में भी 100 अमृत सरोवर बनाने की रूपरेखा तय कर ली गई है। निर्माण में बड़े पैमाने पर जनसहभागिता प्राप्त की जाएगी। अब तक 40 सरोवरों के निर्माण के लिए लगभग एक करोड रुपए की जन सहभागिता तय हो चुकी है जिस पर आगामी दिनों में अमल किया जाएगा। इस संबंध में कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में एक बैठक आयोजित की। बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्रीमती जमुना भिड़े के अलावा सरोवरों के निर्माण हेतु नियुक्त किए गए नोडल अधिकारी तथा निर्माण कार्यों में संलग्न ठेकेदार उपस्थित थे।बैठक में कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने निर्देश दिए कि सरोवर निर्माण में जनसहभागिता के तहत जेसीबी मशीनों से किया जाने वाला कार्य आगामी 15 मई तक पूर्ण कर लिया जाए। इसके अलावा समस्त सरोवरों का निर्माण आगामी 30 मई तक पूर्ण कर लिया जाएगा। जन सहभागिता में जेसीबी मशीनों के अलावा सामग्री परिवहन के लिए ट्रैक्टर ट्राली, जल परिवहन के लिए टैंकर भी शामिल रहेंगे। मजदूरी का पार्ट मनरेगा योजना से वहन किया जाएगा।

बताया गया कि खनिज विभाग ठेकेदारों के सहयोग से 16 तालाबों का निर्माण करवाएगा। लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन यंत्री अनुराग सिंह ने बताया कि उनके द्वारा 4 तालाबों का निर्माण ठेकेदारों सहयोग से कराया जा रहा है। इसी प्रक पीआईयू द्वारा 3 तालाब निर्मित कराए जाएं एसडीएम रतलाम ग्रामीण द्वारा 4 ताल बनवाए जाएंगे। हाउसिंग बोर्ड भी 1 ताल बनाएगा। नगर निगम रतलाम को 2 ताला के निर्माण का जिम्मा सौंपा गया। कलेक्टर कहा कि प्रशासन का आगामी 30 मई त जिले में समस्त 100 तालाबों का निर्माण करने का लक्ष्य है।

बैठक में कलेक्टर पुरुषोत्तम ने ग्रामी यांत्रिकी सेवा विभाग के कार्यपालन यंत्री धनोतिया को सख्त रूप से निर्देशित किया जनसहयोग से जो काम तालाबों के निर्माण होने वाले हैं, उस जनसहयोग कार्य को मनरे में काउंट नहीं करें अन्यथा उनके विरु सख्त कार्रवाई की जाएगी। कार्य में पारदर्शिता रखी जाएगी। कलेक्टर ने धनोतिया को समन्वय के साथ कार्य करने लिए निर्देशित किया।

## मिड टाउन मैरिज हॉल सील कर किया 5000 का जुर्माना, कचरा, गंदगी व अतिक्रमण करने पर 8 व्यक्तियों पर जुर्माना, दी गई समझाइश

राज 28-4-22

रतलाम। नगर में ऐसे दुकानदार व नागरिक जो कि खुले में कचरा डालकर शहर को गंदा करते हैं, मलबा डालकर व सामान से अतिक्रमण करते है, अमानक पॉलीथीन का उपयोग एवं विक्रय करते हैं, खुले में यूरिन करते हैं उन पर लगाम लगाने हेतु संबंधितों पर स्पॉट फाईन की कार्यवाही की जा रही है जिसके तहत 8 व्यक्तियों पर जुर्माना किया गया साथ ही मिड टाउन मैरिज हॉल को कचरा एवं गंदगी करने पर सील कर 5000 की राशि का जुर्माना किया गया।

निगम आयुक्त के निर्देशानुसार त्रिपुरा वाईन शॉप नाहरपुरा पर 5000, मितदत्त पर 1000, सुमेर, जावेद, राजेश, रितेश पर 500-500 व रतन पर 300 रूपये का स्पॉट फाईन कर भविश्य में गंदगी, अतिक्रमण व अमानक पॉलीथीन का उपयोग ना करने की समझाईश दी।

# पोलोग्राउंड टंकी से सप्लाई पर एक दिन का ब्रेक

## सुबह की बजाय शाम को हो रही थी जलापूर्ति

**रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)।** शहर में जलवितरण व्यवस्था पटरी पर नहीं आ पा रही है। पोलोग्राउंड टंकी से कई दिनों से सुबह की बजाय शाम को सप्लाई की जा रही थी। बुधवार को स्टेशन रोड व आसपास के क्षेत्रों में सप्लाई शाम को की जाना थी, लेकिन टंकी समय पर नहीं भरने से एक दिन का ब्रेक लिया गया। अब गुरुवार सुबह आपूर्ति की जाएगी।

इधर टैंकर रोड पर पाइपलाइन फूटने के बाद निगम अमले ने सुधार कर टेलीकाम कंपनी के खिलाफ औद्योगिक क्षेत्र थाने पर एफआइआर के लिए प्रतिवेदन दिया है। अब निगम मरम्मत में हुए खर्चे का एस्टीमेट भी कंपनी को देकर राशि वसूल करेगा।



28-4-22

### टैंकरों से आपूर्ति

नगर निगम द्वारा छोटे टैंकरों से जलसंकट प्रभावित क्षेत्रों में पानी की आपूर्ति की जा रही है। कुल नौ टैंकर लगाए गए हैं। इधर, 30 अप्रैल को पुराने इंटकवेल पर लगने वाले दो पंप भी निगम को मिल जाएंगे। मई के पहले सप्ताह से आपूर्ति के लिए मशक्कत करना पड़ेगी।

नईदुनिया
28-4-22

# ब्रिज के नीचे से कब्जा हटाया थाने पर की गई शिकायत

**रतलाम।** प्रतापनगर ब्रिज के नीचे अतिक्रमण कर भूसा रखने के मामले में सेतु निगम ने सज्जाद कुरैशी के खिलाफ स्टेशन रोड थाना पर शिकायत की है। बुधवार को वहां अतिक्रमण हटवाया गया है।

उल्लेखनीय है कि मंगलवार शाम ब्रिज के नीचे कब्जा कर रखे भूसे में आग लग गई थी। काफी मशक्कत के बाद आग बुझाई गई थी। आग में एक मवेशी भी झुलस गया था। सज्जाद कुरैशी ने ब्रिज के नीचे कब्जा कर मवेशी बांधने का बाड़ा बना रखा था। उसमें रखे भूसे में आग लग गई थी। सेतु निगम के एसडीओ आरके गुप्ता ने स्टेशन रोड थाने पर कुरैशी के खिलाफ शिकायत की है।

नईदुनिया
28-4-22

नईदुनिया
28-4

# मिड टाउन मैरिज हॉल सील कर किया 5000 का जुर्माना

**रतलाम ●** ऐसे दुकानदार व नागरिक जो खुले में कचरा डालकर शहर को गंदा करते हैं, मलबा डालकर व सामान से अतिक्रमण करते हैं, अमानक पॉलीथिन का उपयोग एवं विक्रय करते हैं, खुले में यूरिन करते हैं, उन पर लगाम लगाने हेतु संबंधितों पर स्पॉट फाइन की कार्रवाई की जा रही है। इसके तहत मिड टाउन मैरिज हॉल को कचरा एवं गंदगी करने पर सील कर 5000 की राशि का जुर्माना किया, साथ ही त्रिपुरा वाइन शॉप नाहरपुरा पर 5000, मितदत्त पर 1000, सुमेर, जावेद, राजेश, रितेश पर 500-500 व रतन पर 300 रुपए का स्पॉट फाइन कर भविष्य में गंदगी, अतिक्रमण व अमानक पॉलीथिन का उपयोग न करने की समझाइश दी। यह कार्रवाई निगमायुक्त सोमनाथ झारिया के आदेश पर की गई।

28-4

28-4




# एयर मार्शल बापट का अभिनंदन

रतलाम, नप्र। भारतीय वायु सेना के एयर मार्शल प्रदीप कुमार बापट सेवानिवृत्ति के बाद रतलाम आए। नगर आगमन पर स्वागत कर अभिनंदन किया।

बापट मूलतः रतलाम जिले के जावरा के रहवासी है। महाराष्ट्र समाज सभागृह पर आयोजित कार्यक्रम में सांसद गुमानसिंह डामोर, कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम, महेन्द्र गादिया, रतलाम महाराष्ट्र समाज कोषाध्यक्ष राजेंद्र वाघ, पूर्व महापौर डॉ. सुनीता यार्दे, महेन्द्र कटारिया, प्रेस क्लब अध्यक्ष राजेश जैन आदि मौजूद रहे। सांसद गुमानसिंह डामोर ने कहा कि देश के सैनिकों से मिलकर हमेशा अद्भुत अनुभूति होती है। सैनिक के सम्मान से हम सभी व्यक्ति प्रसन्नता का अनुभव कर रहे हैं। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने बापट ने वायु सेना में उच्च पदों पर रहकर अपने जिम्मेदारी को निभाया है। इनके सम्मान से हमें आत्मीय प्रसन्नता हो रही है। स्वागत भाषण बाल सखा महेश मिश्रा ने देते हुए बाल्यकाल के संस्मरण सुनाए। संचालन नीरज शुक्ला, आभार मुकेश गोस्वामी ने माना।

# जरूरत हो तो निजी बोरवेल को उपयोग में लें-कलेक्टर

रतलाम, नप्र। पानी के लिए किसी तरह की कोई परेशानी ना हो। जरूरत पड़े तो निजी बोरवेल और कुंओं का अधिग्रहण कर पानी का उपयोग किया जाए।

कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने ग्रीष्मकाल के मद्देनजर निगमायुक्त, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों, मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को जरूरी दिशा निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा है कि जरूरत पड़ने पर निजी बोरवेल तथा कुंए भी अधिग्रहित किए जाए।

कलेक्टर ने कहा कि हरसंभव कदम उठाकर हमें यह तय करना है कि किसी भी स्थान पर जल समस्या पैदा नहीं हो। कलेक्टर ने सभी एसडीएम को निर्देश दिए हैं कि जिन गांवों में पेयजल के परिवहन की जरूरत है उन गांव को सूचीबद्ध करके नियोजित ढंग से जल उपलब्ध करवाया जाए। नगर निगम आयुक्त को निर्देशित किया है कि पाइप लाइन में जहां भी लिकेज हैं वहां तत्काल दुरुस्ती करवाएं।

**जनसुनवाई-** कलेक्टोरेट सभाकक्ष पर हुई। जनसुनवाई में कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम के अलावा जिला पंचायत की जमुना भिड़े, अपर कलेक्टर अभिषेक गेहलोत, एसडीएम रतलाम ग्रामीण कृतिका भिमावद ने 105 आवेदनों पर सुनवाई की।

# आवश्यकता होने पर निजी बोरवेल के अधिकृत किए जाएं

रतलाम। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने ग्रीष्मकाल के मद्देनजर निगमायुक्त, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों, मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए है। कलेक्टर ने कहा है कि आवश्यकता पड़ने पर निजी बोरवेल तथा कुए भी अधिग्रहित किए जाए ताकि हरसंभव कदम उठाकर हमें यह सुनिश्चित करना है कि किसी भी स्थान पर जल समस्या उत्पन्न नहीं हो। कलेक्टर ने सभी एसडीएम को निर्देश दिए है कि जिन गांवों में पेयजल के परिवहन की आवश्यकता है उन गांव को सूचीबद्ध करके नियोजित ढंग से जल उपलब्ध करवाया जाए। निगमायुक्त को निर्देशित किया है कि पाइप लाइंस में जहां भी लीकेज है वहां तत्काल दुरुस्ती करवाएं। स्वदेश 27-4

**समस्या बढ़ाती सड़कें** • अमृतसागर क्षेत्र की रोड, श्मशान जाने वाली जवाहर नगर रोड और रेलवे स्टेशन की फ्रीगंज रोड खराब

# नई सड़कें बनाने की बजाए पेचवर्क से काम चलाया, वाहन गुजरते ही उड़ता है धूल का गुबार

**भास्कर लाइव** 28-4

## फोरलेन जैसे ही जल्द बने टू लेन तो शहरवासियों का आसान हो सफर

विकल्प मेहता | रतलाम

शहर की साख दांव पर है। ऐसी सड़कें जो शहर की पहचान थी, आज खस्ताहाल हो चुकी हैं। शहर में पंडित मिश्रा की कथा चल रही है, रोज हजारों लोग कथा स्थल पहुंच रहे हैं। इसमें शहरवासियों सहित बाहर से आने वाले लोग भी शामिल हैं। उनको बाजना बस स्टैंड से अमृत सागर रोड होकर गुजरना पड़ता है, इस रोड के हाल इतने खराब है कि तस्वीर तक साफ नहीं आ सकी। जवाहरनगर श्मशान या रेलवे स्टेशन वाली फ्रीगंज रोड भी खस्ताहाल है। ये ऐसी सड़कें हैं, जहां रोज कोई ना कोई दूसरे शहर से आया व्यक्ति गुजरता है। देखिए... शहर की तीन प्रमुख सड़कों की हालत...

### 1 जिम्मेदार मानते रहे ज्यादा लोग नहीं गुजरते, आज हालात बदले



**समय**- सुबह 11.30 बजे, **स्थान**- अमृत सागर रोड
**खराब हिस्सा**- बाजना बस स्टैंड से अमृत सागर तक

स्थिति- यह रोड ऐसी है, जहां आमतौर पर शहर से बाहर से आने वाले लोगों का पाला नहीं पड़ता। जिम्मेदार सुस्त बैठे थे। आज यह ऐसी रोड है... जहां शहर में सबसे ज्यादा बाहरी लोग आ रहे हैं। । धूल के गुबार ऐसे हैं कि तस्वीर तक साफ नहीं आ पा रही। रोड का 500 मीटर हिस्सा खस्ताहाल है।

### 2 पटरी पार की 95% शवयात्रा का रास्ता, परिजन नंगे पैर जाते हैं यहां



**समय**- दोपहर 1.30 बजे, **स्थान**- जवाहर नगर
**खराब हिस्सा**- मंदिर से स्कूल तक

स्थिति- पटरी पार की 95% शवयात्रा जवाहर नगर मुक्तिधाम पहुंचती है। रोड पर 100 मीटर का हिस्सा ऐसा है, जहां मुरम है और गड्‌ढों में पानी है। दुर्घटना का अंदेशा है। यहां घटिया पैंचवर्क किया था, जिसके अंश देख सकते हैं। विनोबा नगर, गांधीनगर, इंदिरा नगर, अलकापुरी, इंद्रलोक नगर के हजारों लोग गुजरते हैं।

### 3 हादसों की सड़क के नाम से बदनाम है फ्रीगंज... गड्ढे होने लगे



**समय** - शाम 4 बजे, **स्थान** - फ्रीगंज रोड
**खराब हिस्सा**- अलग-अलग जगह

स्थिति- फ्रीगंज को हादसों की सड़क के नाम से भी जानते हैं। कई लोग जान गंवा चुके हैं। अब दोबारा खतरनाक हो रही है। कहीं मुरम डली है तो कहीं गड्‌डे हो रहे हैं। बड़े वाहनों के कारण परेशानी है। यह शहर को रेलवे स्टेशन से जोड़ती है। आम दिनों में हजारों यात्री आते-जाते हैं, अभी कथा के कारण यात्री दबाव ज्यादा है।

### और इधर... शहर में वीवीआईपी मूवमेंट... सिर्फ फोरलेन पर, ताकि, पोल ना खुले



स्थिति- शहर में सीएम हो, पूर्व सीएम या कोई भी वीवीआईपी सभी का मूवमेंट फोरलेन पर होता है। जी हां, ज्यादातर बंजली हवाई अड्डे पर आते हैं। सिटी फोरलेन से पावर हाऊस पर सर्किट हाऊस में रुकते हैं। शासन की मीटिंग हो तो मेडिकल कॉलेज या गीता मंदिर और सालाखेड़ी फोरलेन होते हुए कलेक्टोरेट पहुंचते हैं। यह ऐसी रोड है, जहां एक भी गड्‌डा महसूस नहीं होगा।

औद्योगिक क्षेत्र में पानी का संकट

# पानी के लिए 25 करोड़ रुपए की लागत से बनाया कनेरी डैम, लेकिन पाइप लाइन नहीं डलने से अब तक सप्लाई नहीं, पानी खरीदने को मजबूर हैं उद्योग

## धोलावड़ के बाद जिले का दूसरा बड़ा डेम है कनेरी, इसके 10 फीसदी पानी से सिंचाई भी हो सकेगी

भास्कर एक्सक्लूसिव

18-5

जितेंद्र श्रीवास्तव | रतलाम

औद्योगिक क्षेत्र में पानी का संकट दूर करने के लिए कनेरी में डैम बनाया। इस डैम से 90 फीसदी पानी उद्योगों को मिलना है। शेष दस फीसदी पानी सिंचाई के लिए उपयोग होना है। ढाई साल से डैम बनकर तैयार है। अब तक पानी की सप्लाई तो दूर पाइप लाइन तक नहीं डल पाई है। इससे शहर के उद्योग आज भी बाजार से पानी खरीदने को मजबूर है। बावजूद जिम्मेदारों का ध्यान इस ओर नहीं है।

इसके निर्माण में उद्योग विभाग ने 25 करोड़ रुपए जलसंसाधन विभाग को दिए। बावजूद उद्योगों को इस डेम का लाभ नहीं मिल पा रहा और उद्योग आज भी पानी खरीदने को मजबूर।



ढाई साल पहले बनकर हुआ तैयार डैम।

जिले का सबसे बड़ा डैम धोलावड़ है। कनेरी डैम दूसरा डैम है। यह 100 हेक्टेयर क्षेत्र में फैला है। इसमें 12.2 मिलियन क्यूबिक घन मीटर पानी आता है। इस डेम की ऊंचाई 27.50 मीटर है। जबकि धोलावड़ डेम जिले का सबसे बड़ा डेम है। इसमें 50 मिलियन क्यूबिक घन मीटर पानी का स्टोरेज होता है।

### जिला जल उपयोगिता समिति की बैठक में हुआ फैसला, फिर भी नहीं मिला पानी

कनेरी डैम बनने के बाद इसके पानी के इस्तेमाल के लिए जिला जल उपयोगिता समिति की बैठक हुई थी। इस बैठक में भी औद्योगिक क्षेत्र में जल संकट का मुद्दा उठा था। इसे देखते हुए समिति में औद्योगिक क्षेत्र में जल्द पानी सप्लाई पर फैसला हुआ था। लेकिन बैठक में फैसला होने के दो साल बाद भी अब तक उद्योगों को पानी नहीं मिल पाया है।

### ढाई साल पहले बना था डैम

100 हेक्टेयर क्षेत्र में डैम फैला है।

25 जनवरी 2017 को निर्माण शुरू हुआ था।

2019 के दिसंबर माह में डेम बनकर हुआ तैयार।

90 फीसदी पानी उद्योगों और शेष 10 फीसदी पानी सिंचाई के लिए उपयोग होना है।

### सप्लाई शुरू हो तो इन औद्योगिक क्षेत्रों को फायदा

- डोसीगांव औद्योगिक क्षेत्र
- दिलीप नगर औद्योगिक क्षेत्र
- सालाखेड़ी औद्योगिक क्षेत्र
- नमकीन क्लस्टर

## जनसुनवाई में जनहित से जुड़े अधिकारियों को उपस्थित रहने के लिए निर्देशित

28-4

रतलाम। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने जनसुनवाई व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए जनहित से जुड़े समस्त विभागों के अधिकारियों को जनसुनवाई के दौरान जिला कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में अनिवार्य रुप से उपस्थित रहने के लिए निर्देशित किया है। अधिकारी प्रात: 1 बजे के पूर्व अपना स्थान ग्रहण करना सुनिश्चित करेंगे। अपने विभाग में लंबित जनसुनवाई के प्राप्त आवेदनों पर की गई कार्रवाई की जानकारी के साथ आएंगे। कलेक्टर ने जिन विभागों को मुख्य रूप से जनसुनवाई व्यवस्था में अनिवार्य उपस्थिति के लिए निर्देशित किया है उन्हें कलेक्ट्रेट भवन में स्थित समस्त जिला अधिकारी, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री, नगर निगम आयुक्त, रतलाम ग्रामीण एसडीएम, जिला शिक्षा अधिकारी, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास, कार्यपालन यंत्री विद्युत वितरण कंपनी तथा रतलाम ग्रामीण तहसीलदार सम्मिलित है। नवभारत

नवभारत
28-4

## नेशनल लोक अदालत का आयोजन 14 मई को

रतलाम। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली (नालसा) एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार 14 मई को नेशनल लोक अदालत का आयोजन देश, प्रदेश के साथ ही जिला न्यायालय रतलाम एवं तहसील न्यायालय- जावरा, सैलाना, आलोट में किया जावेगा। 28-4

नेशनल लोक अदालत के सफल आयोजन हेतु प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जि.वि.से.प्रा. राजेश कुमार गुप्ता द्वारा समस्त न्यायाधीशगण के साथ बैठक कर उन्हें अधिक से अधिक प्रकरणों को चिन्हित कर उन्हें निराकृत करने हेतु दिशा निर्देश प्रदान किये गये। मंगलवार को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष द्वारा नेशनल लोक अदालत के प्रचार-प्रसार हेतु न्यायालय परिसर में ऑटोरिक्शा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इसके साथ ही समस्त न्यायाधीशगणों की बैठक आयोजित की गई तथा तहसीलों के न्यायाधीशगणों की बैठक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक ली गई तथा अधिक से अधिक संख्या में नेशनल लोक अदालत में प्रकरणों के निराकरण करने हेतु निर्देशित किया गया है। अपनी दुनिया

अपनी दुनिया
28-4

# कलेक्टर की पहल पर आम जनता को मिलेगी यह सुविधा

**रतलाम। कलेक्टर एवं निगम प्रशासक कुमार पुरुषोत्तम की पहल पर शहर में आम जनता की सुविधा के लिए प्रमुख सार्वजनिक स्थानों पर पीपीपी मोड पर डिलक्स सुविधाघरों का निर्माण होने जा रहा है। कलेक्टर के निर्देश पर नगर निगम ने इसकी कार्रवाई शुरु कर दी है। पीपीपी मोड पर बनने वाले सुविधाघरों के लिए एजेन्सी तय भी हो चुकी है।**

स्वच्छ भारत अभियान के तहत जहां कलेक्टर एवं निगम प्रशासक कुमार पुरुषोत्तम के निर्देश पर नगर निगम स्वच्छता सर्वेक्षण में नम्बर 1 आने के प्रयासों में लगी हुई है, वहीं इसी के तहत खुले में पेशाब और शौच से पूरी तरह मुक्त होने के लिए प्रमुख स्थानों पर सुविधाघरों (सार्वजनिक शौचालयों) के निर्माण के लिए पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) की मदद ली जा रही है। नगर निगम शहर में प्रारंभिक स्तर पर 10 स्थानों पर डिलक्स सुविधाघरों का निर्माण पीपीपी मोड पर करवाएगी। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम के निर्देश पर इसके लिए नगर निगम की ओर से नियम अनुसार कार्रवाई शुरु की गई थी, जिसके बाद कार्य के लिए एजेन्सी तय हो चुकी है।

**निर्माण और मेंटनेंस भी एजेन्सी करेगी**-पीपीपी मोड पर बनने वाले डिलक्स सुविधाघरों का निर्माण और मेंटनेंस निर्धारित एजेन्सी ही करेगी। इसके लिए नगर निगम को एक रुपया भी खर्चा नहीं करना है। उल्टे एजेन्सी प्रति सुविधाघर के हिसाब से हर साल नगर निगम को एक तय राशी भी देगी। इससे नगर निगम को आय भी होगी और आम जनता को भी सुविधा मिल सकेगी। बदले में एजेन्सी वहां विज्ञापन कर सकेगी। एक सुविधाघर निर्माण की लागत से 20 लाख के आसपास रहेगी।

**स्थल का चयन**-पीपीपी मोड पर बनने वाले सुविधाघरों के लिए नगर निगम स्थळ चयन किया जा रहा है। शहर में 10 स्थानों पर निर्माण होगा। बाजार क्षैत्र में भी सुविधाघरों का निर्माण किया जाएगा। वर्तमान में प्रमुख बाजार क्षैत्र में आम जनता के लिए सुविधाघर की सुविधा नहीं होने से आम जनता को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। पीपीपी मोड पर डिलक्स सुविधाघर के निर्माण से आमजनता की परेशानी कम होगी।

**इनका कहना है-शहर में 10 प्रमुख सार्वजनिक स्थानों पर पीपीपी मोड पर सुविधाघरों का निर्माण किया जा रहा है। इसमें निगम को कोई राशी खर्च नहीं करना है। निर्माण और मेंटनेंस निर्धारित एजेन्सी ही करेगी। -कुमार पुरुषोत्तम, कलेक्टर एवं निगम प्रशासक, रतलाम**

# रतलाम जिले में जन सहयोग से बनेंगे 100 अमृत सरोवर



कलेक्टर ने बैठक लेकर समीक्षा की

रतलाम। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा प्रदेश में अमृत सरोवरों का निर्माण कराया जा रहा है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर रतलाम जिले में भी 100 अमृत सरोवर बनाने की रूपरेखा तय कर ली गई है। निर्माण में बड़े पैमाने पर जनसहभागिता प्राप्त की जाएगी। अब तक 40 सरोवरों के निर्माण के लिए लगभग एक करोड़ रुपए की जन सहभागिता तय हो चुकी है जिस पर आगामी दिनों में अमल किया जाएगा। इस संबंध में कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में एक बैठक आयोजित की। बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्रीमती जमुना भिड़े के अलावा सरोवरों के निर्माण हेतु नियुक्त किए गए नोडल अधिकारी तथा निर्माण कार्यों में संलग्न ठेकेदार उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने निर्देश दिए कि सरोवर निर्माण में जनसहभागिता के तहत जेसीबी मशीनों से किया जाने वाला कार्य आगामी 15 मई तक पूर्ण कर लिया जाए। इसके अलावा समस्त सरोवरों का निर्माण आगामी 30 मई तक पूर्ण कर लिया जाएगा। जन सहभागिता में जेसीबी मशीनों के अलावा सामग्री परिवहन के लिए ट्रैक्टर ट्राली, जल परिवहन के लिए टैंकर भी शामिल रहेंगे। मजदूरी का पार्ट मनरेगा योजना से वहन किया जाएगा। बताया गया कि खनिज विभाग ठेकेदारों के सहयोग से 16 तालाबों का निर्माण करवाएगा। लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन यंत्री श्री अनुराग सिंह ने बताया कि उनके द्वारा 4 तालाबों का निर्माण ठेकेदारों के सहयोग से कराया जा रहा है। इसी प्रकार पीआईयू द्वारा 3 तालाब निर्मित कराए जाएंगे। एसडीएम रतलाम ग्रामीण द्वारा 4 तालाब बनवाए जाएंगे। हाउसिंग बोर्ड भी 1 तालाब बनाएगा। नगर निगम रतलाम को 2 तालाबों के निर्माण का जिम्मा सौंपा गया। कलेक्टर ने कहा कि प्रशासन का आगामी 30 मई तक जिले में समस्त 100 तालाबों का निर्माण पूर्ण करने का लक्ष्य है। बैठक में कलेक्टर श्री पुरुषोत्तम ने ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग के कार्यपालन यंत्री श्री धनोतिया को सख्त रूप से निर्देशित किया कि जनसहयोग से जो काम तालाबों के निर्माण में होने वाले हैं, उस जनसहयोग कार्य को मनरेगा में काउंट नहीं करें अन्यथा उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। कार्य में पूर्ण पारदर्शिता रखी जाएगी। कलेक्टर ने श्री धनोतिया को समन्वय के साथ कार्य करने के लिए निर्देशित किया।



# जिले में जन सहयोग से बनेंगे 100 अमृत सरोवर

## अब तक 40 सरोवरों के निर्माण के लिए लगभग एक करोड रुपए की जन सहभागिता जुटाई गई

रतलाम » दबंग रिपोर्टर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा प्रदेश में अमृत सरोवरों का निर्माण कराया जा रहा है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर रतलाम जिले में भी 100 अमृत सरोवर बनाने की रूपरेखा तय कर ली गई है। निर्माण में बड़े पैमाने पर जनसहभागिता प्राप्त की जाएगी। 28-4-22
40 सरोवरों के निर्माण के लिए लगभग एक करोड रुपए की जन सहभागिता तय हो चुकी है जिस पर आगामी दिनों में अमल किया जाएगा। इस संबंध में कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने कलेक्टेट सभाकक्ष में एक बैठक आयोजित की। बैठक में कलेक्टर ने निर्देश दिए कि सरोवर निर्माण में जनसहभागिता के तहत जेसीबी मशीनों से किया जाने वाला कार्य आगामी 15 मई तक पूर्ण कर लिया जाए।
इसके अलावा समस्त सरोवरों का निर्माण आगामी 30 मई तक पूर्ण कर लिया जाएगा। जन सहभागिता में जेसीबी मशीनों के अलावा सामग्री परिवहन के लिए ट्रैक्टर ट्राली, जल परिवहन के लिए टैंकर भी शामिल रहेंगे। मजदूरी का पार्ट मनरेगा योजना से वहन किया जाएगा। बताया गया कि खनिज विभाग ठेकेदारों के सहयोग से 16 तालाबों का निर्माण करवाएगा। लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन यंत्री ने बताया कि उनके द्वारा 4 तालाबों का निर्माण ठेकेदारों के सहयोग से कराया जा रहा है। इसी प्रकार पीआईयू द्वारा 3 तालाब निर्मित कराए जाएंगे। एसडीएम रतलाम ग्रामीण द्वारा 4 तालाब बनवाए जाएंगे। हाउसिंग बोर्ड भी 1 तालाब बनाएगा।

### नगर निगम के पास 2 तालाब का जिम्मा

नगर निगम रतलाम को 2 तालाबों के निर्माण का जिम्मा सौंपा गया। कलेक्टर ने कहा कि प्रशासन का आगामी 30 मई तक जिले में समस्त 100 तालाबों का निर्माण पूर्ण करने का लक्ष्य है। बैठक में कलेक्टर ने ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग के कार्यपालन यंत्री को सख्त रूप से निर्देशित किया कि जनसहयोग से जो काम तालाबों के निर्माण में होने वाले हैं, उस जनसहयोग कार्य को मनरेगा में काउंट नहीं करें अन्यथा उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। कार्य में पूर्ण पारदर्शिता रखी जाएगी।

# रतलाम जिले में जन सहयोग से बनेंगे 100 अमृत सरोवर

## कलेक्टर ने बैठक लेकर समीक्षा की

रतलाम ,(निप्र)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा प्रदेश में अमृत सरोवरों का निर्माण कराया जा रहा है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर रतलाम जिले में भी 100 अमृत सरोवर बनाने की रूपरेखा तय कर ली गई है। निर्माण में बड़े पैमाने पर जनसहभागिता प्राप्त की जाएगी। अब तक 40 सरोवरों के निर्माण के लिए लगभग एक करोड रुपए की जन सहभागिता तय हो चुकी है जिस पर आगामी दिनों में अमल किया जाएगा। इस संबंध में कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में एक बैठक आयोजित की। बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्रीमती जमुना भिड़े के अलावा सरोवरों के निर्माण हेतु नियुक्त किए गए नोडल अधिकारी तथा निर्माण कार्यों में संलग्न ठेकेदार उपस्थित थे।

बैठक में कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम ने निर्देश दिए कि सरोवर निर्माण में जनसहभागिता के तहत जेसीबी मशीनों से किया जाने वाला कार्य आगामी 15 मई तक पूर्ण कर लिया जाए। इसके अलावा समस्त सरोवरों का निर्माण आगामी 30 मई तक पूर्ण कर लिया जाएगा। जन सहभागिता में जेसीबी मशीनों के अलावा सामग्री परिवहन के लिए ट्रैक्टर ट्राली, जल परिवहन के लिए टैंकर भी शामिल रहेंगे। मजदूरी का पार्ट मनरेगा योजना से वहन किया जाएगा।

खनिज विभाग ठेकेदारों के सहयोग से 16 तालाबों का निर्माण करवाएगा। लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन यंत्री श्री अनुराग सिंह ने बताया कि उनके द्वारा 4 तालाबों का निर्माण ठेकेदारों के सहयोग से कराया जा रहा है। इसी प्रकार पीआईयू द्वारा 3 तालाब निर्मित कराए जाएंगे। एसडीएम रतलाम ग्रामीण द्वारा 4 तालाब बनवाए जाएंगे। हाउसिंग बोर्ड भी 1 तालाब बनाएगा। नगर निगम रतलाम को 2 तालाबों के निर्माण का जिम्मा सौंपा गया। कलेक्टर ने कहा कि प्रशासन का आगामी 30 मई तक जिले में समस्त 100 तालाबों का निर्माण पूर्ण करने का लक्ष्य है।

बैठक में कलेक्टर श्री पुरुषोत्तम ने ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग के कार्यपालन यंत्री श्री धनोतिया को सख्त रूप से निर्देशित किया कि जनसहयोग से जो काम तालाबों के निर्माण में होने वाले हैं, उस जनसहयोग कार्य को मनरेगा में काउंट नहीं करें अन्यथा उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। कार्य में पूर्ण पारदर्शिता रखी जाएगी। कलेक्टर ने श्री धनोतिया को समन्वय के साथ कार्य करने के लिए निर्देशित किया।

## रतलाम जिले में जनसहयोग से बनेंगे 100 अमृत सरोवर

रतलाम। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा प्रदेश में अमृत सरोवरों का निर्माण कराया जा रहा है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर रतलाम जिले में भी 100 अमृत सरोवर बनाने की रूपरेखा तय कर ली गई है। निर्माण में बड़े पैमाने पर जनसहभागिता प्राप्त की जाएगी। 40 सरोवरों के निर्माण के लिए लगभग एक करोड रुपए की जन सहभागिता तय हो चुकी है जिस पर आगामी दिनों में अमल किया जाएगा। इस संबंध में कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में एक



बैठक आयोजित की। बैठक में कलेक्टर ने निर्देश दिए कि सरोवर निर्माण में जनसहभागिता के तहत जेसीबी मशीनों से किया जाने वाला कार्य आगामी 15 मई तक पूर्ण कर लिया जाए। इसके अलावा समस्त सरोवरों का निर्माण आगामी 30 मई तक पूर्ण कर लिया जाएगा। जन सहभागिता में जेसीबी मशीनों के अलावा सामग्री परिवहन के लिए ट्रैक्टर ट्राली, जल परिवहन के लिए टैंकर भी शामिल रहेंगे। लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन यंत्री ने बताया कि उनके द्वारा 4 तालाबों का निर्माण ठेकेदारों के सहयोग से कराया जा रहा है। इसी प्रकार पीआईयू द्वारा 3 तालाब बनाए जाएंगे। एसडीएम रतलाम ग्रामीण द्वारा 4 तालाब बनवाए जाएंगे। हाउसिंग बोर्ड भी 1 तालाब बनाएगा।

**नगर निगम के पास 2 तालाब का जिम्मा**-नगर निगम रतलाम को 2 तालाबों के निर्माण का जिम्मा सौंपा गया। कलेक्टर ने कहा कि प्रशासन का आगामी 30 मई तक जिले में समस्त 100 तालाबों का निर्माण पूर्ण करने का लक्ष्य है। बैठक में कलेक्टर ने ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग के कार्यपालन यंत्री को सख्त रूप से निर्देशित किया कि जनसहयोग से जो काम तालाबों के निर्माण में होने वाले हैं, उस जनसहयोग कार्य को मनरेगा में काउंट नहीं करें अन्यथा उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### रतलाम जिले में जन सहयोग से बनेंगे 100 अमृत सरोवर

# अब तक 40 सरोवरों के निर्माण के लिए लगभग एक करोड रुपए की जन सहभागिता जुटाई गई, कलेक्टर ने बैठक लेकर समीक्षा की



**स्वतंत्र समय, रतलाम।** 28-4

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा प्रदेश में अमृत सरोवरों का निर्माण कराया जा रहा है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर रतलाम जिले में भी 100 अमृत सरोवर बनाने की रूपरेखा तय कर ली गई है। निर्माण में बड़े पैमाने पर जनसहभागिता प्राप्त की जाएगी। अब तक 40 सरोवरों के निर्माण के लिए लगभग एक करोड रुपए की जन सहभागिता तय हो चुकी है जिस पर आगामी दिनों में अमल किया जाएगा। इस संबंध में कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में एक बैठक आयोजित की। बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्रीमती जमुना भिडे के अलावा सरोवरों के निर्माण हेतु नियुक्त किए गए नोडल अधिकारी तथा निर्माण कार्यों में संलग्न ठेकेदार उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने निर्देश दिए कि सरोवर निर्माण में जनसहभागिता के तहत जेसीबी मशीनों से किया जाने वाला कार्य आगामी 15 मई तक पूर्ण कर लिया जाए। इसके अलावा समस्त सरोवरों का निर्माण आगामी 30 मई तक पूर्ण कर लिया जाएगा। जन सहभागिता में जेसीबी मशीनों के अलावा सामग्री परिवहन के लिए ट्रैक्टर ट्रॉली, जल परिवहन के लिए टैंकर भी शामिल रहेंगे। मजदूरी का पार्ट मनरेगा योजना से वहन किया जाएगा। बताया गया कि खनिज विभाग ठेकेदारों के सहयोग से 16 तालाबों का निर्माण करवाएगा। लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन यंत्री श्री अनुराग सिंह ने बताया कि उनके द्वारा 4 तालाबों का निर्माण ठेकेदारों के सहयोग से कराया जा रहा है। इसी प्रकार पीआईयू द्वारा 3 तालाब निर्मित कराए जाएंगे। एसडीएम रतलाम ग्रामीण द्वारा 4 तालाब बनवाए जाएंगे। हाउसिंग बोर्ड भी 1 तालाब बनाएगा। नगर निगम रतलाम को 2 तालाबों के निर्माण का जिम्मा सौंपा गया। कलेक्टर ने कहा कि प्रशासन का आगामी 30 मई तक जिले में समस्त 100 तालाबों का निर्माण पूर्ण करने का लक्ष्य है। बैठक में कलेक्टर श्री पुरुषोत्तम ने ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग के कार्यपालन यंत्री श्री घनोतिया को सख्त रूप से निर्देशित किया कि जनसहयोग से जो काम तालाबों के निर्माण में होने वाले हैं, उस जनसहयोग कार्य को मनरेगा में काउंट नहीं करें अन्यथा उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। कार्य में पूर्ण पारदर्शिता रखी जाएगी। कलेक्टर ने श्री घनोतिया को समन्वय के साथ कार्य करने के लिए निर्देशित किया।

### कलेक्टर की पहल पर आम जनता को मिलेगी यह सुविधा

# शहर में 10 स्थानों पर पीपीपी मोड़ पर बनेगें डीलक्स सुविधा घर

**स्वतंत्र समय, रतलाम।**

कलेक्टर एवं निगम प्रशासक कुमार पुरुषोत्तम की पहल पर शहर में आम जनता की सुविधा के लिए प्रमुख सार्वजनिक स्थानों पर पीपीपी मोड पर डिलक्स सुविधाघरों का निर्माण होने जा रहा है। कलेक्टर के निर्देश पर नगर निगम ने इसकी कार्रवाई शुरु कर दी है। पीपीपी मोड पर बनने वाले सुविधाघरों के लिए एजेन्सी तय भी हो चुकी है। स्वच्छ भारत अभियान के तहत जहां कलेक्टर एवं निगम प्रशासक कुमार पुरुषोत्तम के निर्देश पर नगर निगम स्वच्छता सर्वेक्षण में नम्बर 1 आने के प्रयासों में लगी हुई है, वहीं इसी के तहत खुले में पेशाब और शौच से पूरी तरह मुक्त होने के लिए प्रमुख स्थानों पर सुविधाघरों (सार्वजनिक शौचालयों) के निर्माण के लिए पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) की मदद ली जा रही है। नगर निगम शहर में प्रारंभिक स्तर पर 10 स्थानों पर डिलक्स सुविधाघरों का निर्माण पीपीपी मोड पर करवाएगी। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम के निर्देश पर इसके लिए नगर निगम की ओर से नियम अनुसार कार्रवाई शुरु की गई थी, जिसके बाद कार्य के लिए एजेन्सी तय हो चुकी है।

### निर्माण और मेंटनेंस भी एजेन्सी करेगी

पीपीपी मोड पर बनने वाले डिलक्स सुविधाघरों का निर्माण और मेंटनेंस निर्धारित एजेन्सी ही करेगी। इसके लिए नगर निगम को एक रुपया भी खर्चा नहीं करना है। उल्टे एजेन्सी प्रति सुविधाघर के हिसाब से हर साल नगर निगम को एक तय राशी भी देगी। इससे नगर निगम को आय भी होगी और आम जनता को भी सुविधा मिल सकेगी। बदले में एजेन्सी वहां विज्ञापन कर सकेगी। जानकारी के अनुसार एक सुविधाघर निर्माण की लागत से 20 लाख के आसपास रहेगी।

### स्थल का चयन

पीपीपी मोड पर बनने वाले सुविधाघरों के लिए नगर निगम स्थल चयन किया जा रहा है। शहर में 10 स्थानों पर निर्माण होगा। बाजार क्षैत्र में भी सुविधाघरों का निर्माण किया जाएगा। वर्तमान में प्रमुख बाजार क्षैत्र में आम जनता के लिए सुविधाघर की सुविधा नहीं होने से आम जनता को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। पी.पी.पी मोड पर डिलक्स सुविधाघर के निर्माण से आमजनता की परेशानी कम होगी।

### इनका कहना है

शहर में 10 प्रमुख सार्वजनिक स्थानों पर पीपीपी मोड पर सुविधाघरों का निर्माण किया जा रहा है। इसमें निगम को कोई राशी खर्च नहीं करना है। निर्माण और मेंटनेंस निर्धारित एजेन्सी ही करेगी।

-कुमार पुरुषोत्तम, कलेक्टर एवं निगम प्रशासक, रतलाम

**स्लम बस्ती के बोर्ड** • नगर निगम को पता ही नहीं कि कौन-सा स्लम एरिया है और कौन-सा नहीं, बोर्ड लगा देने से रहवासी नाराज

# जहां प्रॉपर्टी 3 से 4 हजार रुपए फीट, निगम की नजर में यह क्षेत्र स्लम एरिया

**भास्कर खुलासा**

भास्कर संवाददाता | रतलाम

नगर निगम ने वार्डों में बोर्ड लगाए हैं। जिन पर क्षेत्रों का उल्लेख किया जा रहा है। धभाईजी का वास क्षेत्र में तीन से चार मंजिला मकान बने हुए हैं। जमीन के रेट 4 से 5 हजार रुपए स्क्वेयर फीट है। और स्लम एरिया का बोर्ड लगा दिया गया है। क्योंकि नगर निगम की नजर में ये गंदी बस्तियां हैं। क्षेत्र के रहवासियों में आक्रोश है। उनका कहना है कि कागजों में जो लिखा है उसे सुधारने के लिए निगम टीम को मैदान पर जाकर देखना चाहिए कि स्थिति क्या है। जूनी कलाल सेरी में भी ऐसे ही बोर्ड टांग दिया गया है। 28-4-22

## नगर निगम सीमा वाले इन क्षेत्रों में लगाए गए हैं स्लम एरिया के बोर्ड



**धभाईजी का वास** वार्ड 26 के इस एरिए को नगर निगम गंदी बस्ती मानता है। यहां लोगों के तीन से चार मंजिला मकान बने हैं। प्रॉपर्टी के रेट 3 से 4 हजार रुपए स्क्वेयर फीट है। यही नहीं रोड के भाव तो अंदर के एरिया की तुलना में दोगुना है। बावजूद यह क्षेत्र नगर निगम की नजर में स्लम बस्ती है।




**जूनी कलाल सेरी**- प्रॉपर्टी के रेट के मामले में इस क्षेत्र की यही स्थिति है, लेकिन वार्ड 25 का यह क्षेत्र नगर निगम की नजर में मलीन बस्ती है। ये बस्ती वाला एरिया नहीं है और बड़े-बड़े मकान बने हुए हैं।

**हाकिमवाड़ा** - यह पूरी तरह जर्जर है और यहां की स्थिति रहने लायक नहीं है। यहां कुछ परिवार ही रह रहे हैं। बावजूद आवासीय क्षेत्र का बोर्ड लगा दिया है।

## हम क्या गंदी बस्ती में रहते हैं जो निगम ने बोर्ड लगा दिया

वार्ड 26 के रहवासी और सामाजिक कार्यकर्ता मुरलीधर गुर्जर ने बताया हमारे क्षेत्र को नगर निगम स्लम एरिया बता रहा है। जबकि स्लम एरिया नहीं है। क्योंकि यहां किसी प्रकार की कोई गंदी बस्ती नहीं है। जब गंदी बस्ती नहीं है तो फिर नगर निगम ने क्षेत्र को स्लम एरिया क्यों घोषित किया है। हम इसका विरोध करते है। नगर निगम और कलेक्टर से मांग करते हैं कि स्लम एरिया का बोर्ड हटाया जाए।

कुंड में षानी में लगा रहे गोते

# न रेकॉर्ड 44 डिग्री पर पहुंचा, अब रात का तापमान 25.2 डिग्री रहा

र आ रहा
ने घर और
कम कर
काम होने
है।
24 दिनों
ोपहर का
के बीच
ई दिन लू
तार तपते
ग को भी
पड़ी थी।
बचने के
पर जतन
बाजार में
जी बेचने

वालों के द्वारा छतरियां खरीद ली गई है तो छोटे बच्चों के द्वारा सिविक सेंटर स्थित तरण ताल के साथ त्रिवेणी स्थित कुंड में डुबकियां लगाकर गर्मी से राहत ले रहे हैं।

## पेयजल पर नजर

गर्मी के बढ़ते साथ ही कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम स्वयं अब शहर सहित ग्रामीण अंचलों में पेयजल पर नजर रखने लगे हैं। कलेक्टर द्वारा हर दिन पेयजल को लेकर समीक्षा की जा रही है। फिलहाल जिन स्थानों पर पानी की किल्लत हो रही है, वहां पर पूर्ति के लिए टैंकर व अन्य स्त्रोतों से इसकी उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए हैं।

## लू की चेतावनी जारी

मौसम विभाग ने रतलाम में बढ़ते तापमान के बीच लू की चेतावनी भी जारी की है। ऐसे में संभावना जताई जा रही है कि आगामी 30 अप्रेल तक लोगों को आग उगलती इस गर्मी से राहत मिलने की फिलहाल कोई संभावना नहीं है। मौसम विभाग ने भी 29 और 30 अप्रेल को इसमें कोई अधिक बदलाव होने की आशंका जाहिर की है।



## सूर्य तो 'दादा' हुआ !

कोप सूरज का बहुत ज़्यादा हुआ,
हर समंदर सूखकर आधा हुआ।

सर्दियों का सूर्य राहत था मगर,
गर्मियों का सूर्य तो बाधा हुआ।

ताप के तीरों से सूखे कूप-नद,
हर निशाना सूर्य का साधा हुआ।

ग्रीष्म है शतरंज, सूरज बादशाह,
लू-लपट चालें, जगत प्यादा हुआ।

लू-लपट की बदतमीज़ी बढ़ रही,
गर्मियों का सूर्य तो 'दादा' हुआ !

प्रो. अजहर हाशमी

# अपने स्तर पर करवा रहे नाले-नालियों की सफाई

## नगर निगम के जिम्मेदार नहीं दे रहे ध्यान, रहवासी हो रहे परेशान



आनंद कालोनी क्षेत्र मे गंदगी-गाद से पटी नाली। ●नईदुनिया 28-4

**रतलाम।** आनंद कालोनी क्षेत्र में सफाई व्यवस्था लचर होने से रहवासी परेशान हो गए हैं। सीएम हेल्पलाइन और निगम कर्मचारियों को सफाई को लेकर कई बार शिकायत करने के बावजूद समस्या हल नहीं होने से रहवासी अपने स्तर पर नाले-नालियों की सफाई करवाने पर मजबूर हो गए हैं।

कालोनी के वेहदत पठान, मोहन वोरिया, दीपक चितले, सैयद शाहिद मीर, गीता देवी, देवेंद्र शर्मा, हर्ष शर्मा, प्रमोद शर्मा ने बताया कि क्षेत्र में सफाईकर्मी कभी-कभी आते हैं और आते भी है तो ऊपरी सफाई कर चले जाते हैं। नाली में गाद और गंदगी जमा होने से पानी की निकासी नहीं हो पा रही है। रहवासी नगर निगम को पूरा सहयोग करने को तैयार है, लेकिन निगम लोगो को सफाई के लिए जागृत करने व सहयोग करने में असमर्थ साबित हो रहा है।

उनका कहना है जो गंदगी करें उनके चालान काटें, ताकि लोगों में सफाई के प्रति जागृति आए। दरोगा से इस संबंध में बात करने पर बताया कि कर्मचारियों की कमी के कारण सफाई नहीं हो पा रही है। रहवासियों ने अपने स्तर पर नाली की सफाई कराकर गाद और गंदगी निकलवाई।

नई दुनिया

## 14 सफाई मित्रों का एक दिन का वेतन काटा

**रतलाम।** कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम के निर्देशानुसार वार्डों में स्वच्छता पर्यवेक्षण के लिए नियुक्त पर्यवेक्षकों द्वारा वार्डों में प्रात: छह व दोपहर दो बजे सफाई मित्रों की उपस्थिति को चेक किया गया।

नई दुनिया

इसके तहत सुबह 10 व दोपहर में चार सफाई मित्र बिना सूचना के अनुपस्थित पाए जाने पर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार एक व आधे दिन का वेतन काटा जाकर सेवा से बर्खास्त/निलंबन का कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया। बुधवार सुबह जोन क्रमांक-एक में बादल-दिलीप, अजय-विनोद, उमेश-प्रहलाद, विजय-सुरेश, जोन क्रमांक-दो में नितिन-कमल, मोहित-गोपाल, रमेश-मुंशी, महेंद्र-नेहरू, रवि-सुरेश, इंद्राबाई पत्नी दिनेश, दोपहर की शिफ्ट में जोन क्रमांक-दो में उषाबाई पत्नी मनोहर, अनिताबाई पत्नी दीपक, कलाबाई पत्नी पिस्तौल, जोन क्रमांक-तीन में नरेंद्र-कन्हैया बिना सूचना के कर्तव्य स्थल से अनुपस्थित पाए गए।

28-4

## विभिन्न करों से 10.17 लाख राजस्व प्राप्त

**रतलाम।** नगर निगम के संपत्तिकर, जलकर, लाइसेंस, राजस्व, विकास शाखा, बिल्डिंग परमिशन के तहत नागरिकों द्वारा जमा कराए गए करों के तहत बुधवार को 10 लाख 17 हजार 522 रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ। संपत्तिकर कार्यालय को 320615, वसूली दल को 201556, जलकर कार्यालय को 221320, वसूली दल को 74140, स्पाट फाइन दल को 13500, लाइसेंस को 63741, दुकान-गुमटी किराया कार्यालय को 122650 रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ।

## चार मवेशी पालकों पर 1000-1000 का जुर्माना

**रतलाम।** मध्यप्रदेश नगर पालिक विधि संशोधन अध्यादेश के प्रारूप को कैबिनेट की मंजूरी मिलने के बाद शहर में ऐसे मवेशी पालक जो कि जानबूझकर अपने मवेशियों को सड़कों, चौराहों, सार्वजनिक स्थानों आदि पर खुला छोड़ देते हैं, उन पर जुर्माने की कार्रवाई निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशन में नगर निगम के स्वास्थ्य अमले द्वारा प्रारंभ कर दी गई। इसके तहत तेलियों की सड़क व त्रिवेणी मुक्तिधाम रोड पर मवेशी पालक सुनील राठौर, अशोक राठौर, नितिन राठौर व जगदीश राठौर द्वारा मवेशियों को खुला छोड़ने पर 1000-1000 रुपये का जुर्माना किया गया। नई दुनिया

28-4

नई दुनिया
28-4

## कचरा संग्रहण के लिए लगाई 252 ट्रिप

**रतलाम।** नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार नगर निगम के कचरा संग्रहण वाहनों के माध्यम से घर-घर से पृथक-पृथक एकत्रित किए जा रहे गीले-सूखे कचरे, सड़कों व नाले-नालियों की सफाई के दौरान निकलने वाले कचरे का प्रतिदिन वजन किया जाकर जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड पहुंचाया जा रहा है। इसके तहत बुधवार को 115 मीट्रिक टन से अधिक कचरा जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड पहुंचाया गया। डंपर से 33515 किलो, ट्रैक्टर से 8340 किलो, मैजिक सूखा कचरा 49630 किलो, मैजिक गीला कचरा 24095 किलो इस तरह कुल 115580 किलो कचरा जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड पहुंचाया गया।

नई दुनिया
28-4-17

## गंदगी करने पर चार दुकानें सील

28-4

रतलाम। नगर निगम द्वारा शहर में गंदगी फैलाने, अतिक्रमण और अमानक पालिथीन का उपयोग करने वालों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। बुधवार को सज्जन मिल रोड क्षेत्र में गोस्वामी आटो सेंटर, लक्की शाकप रिपेयरिंग सेंटर, भवानी आटो पार्टस व त्रिदेव गैस आप्लायंसेस को गंदगी करने पर सील किया गया। नई दुनिया

28-4-17

## रात्रिकालीन सफाई के 19 कर्मचारियों का वेतन काटा

**रतलाम।** शहर के व्यावसायिक क्षेत्रों की रात्रिकालीन सफाई व्यवस्था का निगम आयुक्त द्वारा मंगलवार को निरीक्षण किए जाने पर 19 कर्मचारी बिना सूचना के अनुपस्थित पाए गए। रात्रिकालीन सफाई के कर्मचारी मंगल-बाबूलाल गोहर, शेखर-सोहनलाल, सन्नी-मुकेश, दीपक-रतन, संतोष-जवरचंद, अमित-कमल, आनंद-बाबूलाल, पंकज-फिरोज, दीपक- पूनमचंद, विजय- सुरेश, नवीन-फिरोज, शैलेंद्र- रतनलाल, राकेश-दुलीचंद, ओमप्रकाश-नंदलाल, नरेंद्र- नवीन, रोहित- प्रभुदयाल, उमेष-दशरथ, हीरा-श्यामलाल व पर्वत-ईश्वर बिना सूचना के कर्तव्य स्थल से अनुपस्थित थे। इन सभी को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया। नई दुनिया

28-4

ADVERTISEMENT

28-4

## न्यूज ब्रीफ

### जुर्माना : मवेशियों को खुला छोड़ने पर कार्रवाई

रतलाम | संशोधित अध्यादेश को कैबिनेट की मंजूरी मिलते ही बुधवार से नगर निगम ने मवेशी पालकों के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी। पहले दिन चार पालकों पर मवेशियों को खुला छोड़ने पर 1000 रुपए का जुर्माना लगाकर वसूला। आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देश पर तैलियों की सड़क और त्रिवेणी मुक्तिधाम रोड पर मवेशी पालक सुनील राठौर, अशोक राठौर, नितिन राठौर व जगदीश राठौर से 1000 हजार का जुर्माना वसूला।

### समाधान : 15 सूत्रीय मांगों के हल पर हुई बात

रतलाम | नगर पालिक निगम कर्मचारी यूनियन की 15 सूत्रीय मांगों के निराकरण को लेकर बुधवार को आयुक्त सोमनाथ झारिया ने पदाधिकारियों से बात की। आयुक्त सहमति प्रदान कर मांगों का समय-सीमा में निराकरण करने का आश्वासन दिया। उपायुक्त विकास सोलंकी, कार्यपालन यंत्री सुरेशचंद्र व्यास, मो. हनीफ शेख, यूनियन पदाधिकारी सर्वश्री राजेंद्र सिंह राठौर, हेमंत सोलंकी, इलियास मंसूरी, कुलदीप भट्ट, कैलाश गेहलोत, हेमंत बंदोड़िया, मनीष परिहार, जयदीप गोहिल, योगेश कपूर, विशाल भटनागर आदि मौजूद रहे। 28-4

### प्राण प्रतिष्ठा : कालिका माता मंदिर पर महोत्सव

रतलाम | लक्ष्मणपुरा स्थित श्री राधाकृष्ण मंदिर के पास मां कालिका मंदिर में मां कालिका की प्रतिमा की प्राण-प्रतिष्ठा गुरुवार को होगी। श्री राधाकृष्ण मंदिर सेवा समिति अध्यक्ष संजय खंडकर ने बताया कि प्राण-प्रतिष्ठा के बाद महाआरती और भंडारा होगा।

### स्वच्छता : गंदगी करने पर 4 दुकानें सील कीं

रतलाम | खुले में कचरा और गंदगी करने पर नगर निगम अमले ने बुधवार को चार दुकानों को सील कर दिया। इसमें सज्जन मिल रोड क्षेत्र का गोस्वामी ऑटो सेंटर, लक्की शॉकप रिपेयरिंग सेंटर, भवानी ऑटो पार्टस, त्रिदेव गैस अप्लायसेंस शामिल है।

---

जिम्मेदार दे रहे कोरे आश्वासन

# 44 साल से अब तक नहीं बदली फिसल पट्टी

पत्रिका अभियान

28-4.22

रतलाम. दिया तले अंधेरा की कहावत देखना हो तो नगर निगम के सामने स्थित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के नाम पर बने उद्यान को देखा जा सकता है। मुख्य बाउंड्रीवाल टूट गई तो अब लोहे की जाली लगाकर नया निर्माण तो कर रहे है, लेकिन संसाधन बढ़ाने के नाम पर मात्र एक फिसलपट्टी 44 साल पहले जो 1978 में लगी थी, तब से अब तक नया कुछ नहीं किया गया है।



### यहां कोई बदलाव नहीं

44 वर्ष पूर्व नगर निगम ने अपने ही कार्यालय के सामने स्थित महात्मा गांधी उद्यान में जो फिसलपट्टी बच्चों के मनोरंजन के लिए लगाई थी, तब से अब तक इसमे कोई बदलाव नहीं हुआ है। बीच - बीच में जब - जब फिसलपट्टी टूटी, इसकी देखरेख तो की गई, लेकिन इसके अलावा नया कोई संसाधन नहीं बढ़ाया गया। ऐसे में इस बगीचे से तो अब बच्चों ने अपना मुंह मोड़ लिया है। अब बगीच में या तो बाहरी लोग आ सो जाते है या फिर भीख मांगने रहते है। शहर में बगीचों के लिए - बड़े दावे तो किए गए, लेकिन तक नया कुछ करके नगर निगम दिखा पाई है।

### हमारे लिए कुछ नहीं

हमारे क्षेत्र में एक ही बगी नगर निगम के सामने है, लेकिन इसमे एक फिसलपट्टी के अलावा कुछ नहीं है। ऊंचाई प छोटे बच्चों के लिए एक भी सं नहीं बढ़ाया गया है। - **गर्वित चौहान**, दो मुंह की बावड़ी

# ...और अनदेखी से शर्मसार हो गया 'रतलाम'

प्रभात किरण 27-4

## अमृतसागर तालाब के दिन फिरेंगे... पंडित प्रदीप मिश्रा ने चिंता जताते हुए पूछा ऐसे हालात क्यों...?

**रतलाम, नप्र।** अमृतसागर तालाब की हालात रतलाम को शर्मसार कर रही है लेकिन प्रशासन के कानों में जूं तक नहीं रेंग रही है। रतलाम के विकास और महानगर बनाने की बाते तो बड़ी-बड़ी होती हैं लेकिन धरातर पर जो इंतजाम है वे रतलाम के लिए नाकाफी है। प्रशासनिक अधिकारियों खासतौर पर जनप्रतिनिधियों की अनदेखी का परिणाम है कि आज रतलाम को शर्मसार होना पड़ रहा है।

बात हम अमृतसागर तालाब की करें तो तालाब के हालात सुधारने के लिए लम्बे समय से की जा रही है मगर मजाल हैं कि आज तक एक भी जनप्रतिनिधि या किसी प्रशासनिक अधिकारी ने इस विकट समस्या पर गंभीरता से गौर किया हो। अमृतसागर तालाब को लेकर बड़ी-बड़ी बातें की जाती रही, और की जा रही है। कागजी घोड़े तो इस तरह दौड़ाए जाते है मानो अमृतसागर तालाब की हालात बदल ही जाएगी लेकिन इसकी हालात दिन प्रतिनिधि और ज्यादा बिगड़ती जा रही है। हालात यह है कि तालाब के किनारे से निकलना हो तो मुंह पर कपड़ा रखना पड़ता है। साफ निर्मल जल के बजाय तालाब में दूर से देखो हरी-हरी जलकुंभी और दूसरे सिर पर देखो तो संडाध मारती जलकुंभी नजर आती है। वैसे देखा जाए तो लोगों का यह कहना भी गलत नहीं है कि जलकुंभी कईयों के वारे-न्यारे कर रही है। जलकुंभी सफाई के नाम पर औपचारिकता दिखा दी जाती है और साल साल एक मोटी रकम सरकारी आंकड़ों में दर्ज हो जाती है। लोगों का कहना सच भी लगता हैं कि सरकारी आंकड़ों की इसी मोटी रकम की वजह से जलकुंभी साफ नहीं हो पाती है। नाना तरह के उपाय कर नाना तरह के उपकरण सफाई के नाम पर मुहैया करवाए जाते लेकिन लेकिन नतीजा ढाक के तीन पात। लोगों का कहना हैं कि हाल ही में जलकुंभी की सफाई के लिए एक नई मशीन (खरीदी गई या किराये पर ली गई पता नहीं) का खूब प्रचार-प्रचार किया लेकिन मशीन ने भी जलकुंभी के आगे दम तोड़ दिया। सरकारी आंकड़ों में बताया गया कि खूब सारी



जलकुंभी ट्रेक्टर में भर-भरकर फिंकवाई गई लेकिन तालाब को देखो तो नजारा कुछ ओर ही नजर आता है।

यहां दाद देना पड़ेगी कि सत्यनारायण शर्मा उर्फ सत्तु पहलवान की, जिन्होंने प्रशासन को नींद से जगाने के लिए बड़ा सा ध्वज लहराते हुए जयकारे लगाते हुए रोजाना अमृतसागर तालाब की परिक्रमा लगाई। इसके पीछे की मंशा तालाब की दशा सुधारने के लिए प्रशासन और जनप्रतिनिधियों को जागृत करना था लेकिन उनकी इस मेहनत का कोई असर नहीं हुआ और रतलाम की आन-बान और शान कहे जाने वाला तालाब भी अपने ही हालात पर पछतावा करता रहा।

यह रतलाम के जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के लिए शर्म की बात हैं कि जिस तालाब की चिंता उन्हें होना चाहिए थी उस तालाब की चिंता सिहोर वाले पंडित प्रदीप मिश्रा को करना पड़ी। तालात की हालात देख उनसे रहा नहीं गया और कथा के जरिये ही तालाब की बदहाली पर चिंता जताई। शासन-प्रशासन के साथ ही शहर की जनता की जागरूकता पर सवाल खड़े कर दिए।

तालाब की हालात पर चिंता जताते हुए कहा कि अनदेखी ने आज तालाब की ऐसी हालात कर दी कि उस तालाब में गटर और नालो का पानी पहुंचाया जा रहा है। तालाब की इस हालात पर उन्होंने अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के साथ ही नागरिकों को भी जिम्मेदार ठहराते हुए कहा कि सभी काम हम शासन और प्रशासन के ऊपर न छोड़े, हम सब की जिम्मेदारी भी है कि इसे गंदा ना करें। पंडित मिश्रा ने कहा कि तालाब में जिस रास्ते से नाले और नालियों का गंदा पानी पहुंच रहा है उसकी राह बदल दें। तालाब को संवारने में नागरिक भी आगे आएं और इस तरह संवार दें कि अगली बार जब मैं रतलाम आऊं तो अमृतसागर तालाब के पानी का चनामृत कर सकूं। इसे संवारने का काम आज से नहीं अभी से शुरू कर दें।

### बताई तालाब की अहमियत...

दाद देना पड़ेगी सिहोर वाले पंडित मिश्रा की जिन्होंने बताया कि यह तालाब कोई साधारण तालाब नहीं है। तालाब का इतिहास बतलाया कि अमृतसागर तालाब का पानी वाकई अमृत के समान था। पुराने समय में राजस्थान के जौधपुर के राजा का हवाला देते हुए बताया कि उन्होंने भी इस अमृतसागर तालाब के पानी की अहमियत को जानी थी। एक समय में जब राजस्थान में बीमारी फैली थी तब उस बीमारी का उपचार इसी अमृतसागर तालाब के पानी से हुआ था। जौधपुर के राजा रतलाम के अमृतसागर तालाब से पानी भरकर ले गए और राजस्थान में फैली बीमारी को रोकने में फायदा हुआ, तब इसी तालाब के पानी से वहां के लोग रोग से मुक्त हुए थे। राजस्थान की किताबों में इसका लिखा भी है।

### बगीचा भी नहीं देता अब सकून

अमृतसागर तालाब के पास ही अमृतसागर बगीचा भी तब इतना सकून देता था कि नगरवासी वहां जाकर थकान मिटाते.. पार्टी करते थे..और तब छोटे-छोटे बच्चे बगीचे में घूमने वाली छुक्-छुक् रेलगाड़ी का आनंद लेते थे लेकिन अब ना तो वहां सुकून है और छुक्-छुक् गाड़ी और खेल-खिलौने।

**कार्रवाई** • सेतु निगम की संपत्ति पर अतिक्रमण करने और लापरवाही के कारण आग लगने की शिकायत

# प्रताप नगर ब्रिज के नीचे 9 हजार वर्ग फीट पर कब्जा कर रखा था सज्जाद ने, पूरा हटाया, थाने में शिकायत

भास्कर संवाददाता | रतलाम

प्रतापनगर ब्रिज के नीचे जहां एक दिन पहले आग लगी थी वहां 9 हजार वर्गफीट फीट जमीन पर उसी क्षेत्र के निवासी सज्जाद कुरैशी ने कब्जा कर रखा था। यहां उसने तबेला बना रखा था, इसमें गाय-भैंस पालने के साथ घोड़े रख रखे थे। सुकला, गन्ने के छिलके, कंडे, लकड़ियां आदि भर रखे थे। बुधवार को सेतु विकास निगम के साथ नगर निगम और प्रशासन के अधिकारी पहुंचे और पूरा अतिक्रमण हटाया। इसी ब्रिज के नीचे 7 और लोगों ने कब्जा कर रखा है। इसमें से किसी ने वाहन स्टैंड, लकड़ी की टॉल बना रखी थी तो कुछ ने झोपडियां बना रखी हैं। इन्हें सात दिन में अतिक्रमण हटाने का नोटिस दिया है। सेतु विकास निगम ने सज्जाद के खिलाफ स्टेशन रोड थाने में शिकायत की है।

प्रताप नगर ब्रिज के नीचे सज्जाद कुरैशी द्वारा अतिक्रमण कर भूसे व गन्ने के छिलके में मंगलवार शाम आग लग गई थी। फायर ब्रिगेड की 10 लॉरी से पांच घंटे में काबू पाया। सेतु विकास निगम के एसडीओ आरके गुप्ता ने बताया निगम की संपत्ति पर अतिक्रमण करने और उसकी लापरवाही से आग लगने की शिकायत स्टेशन. रोड थाने में की। पुलिस अधिकारी इशाक खान ने बताया कि आवेदन आया है, कानूनी सलाह के आधार पर प्रकरण दर्ज किया जाएगा।

## हादसे के बाद जागे : अतिक्रमण करने वाले 7 और लोगों को नोटिस




प्रताप नगर ब्रिज के नीचे सज्जाद कुरैशी द्वारा अतिक्रमण कर बनाया तबेला सेतु निगम ने तुड़वाया। इनसेट-सज्जाद कुरैशी, जिसके खिलाफ सेतु निगम ने थाने में दिया आवेदन।

28-4

## और भी जगह है ऐसी ही हालत... दोनों ब्रिज के नीचे लोगों ने कर रखा है अतिक्रमण



प्रताप ब्रिज के नीचे से अतिक्रमण हटा दिया है लेकिन ब्रिज के मोड़ के यहां गिट्‌टी मिक्सर मशीन व स्टैंड बनाकर अतिक्रमण कर रखा है।



सैलाना बस स्टैंड के यहां चेतक ब्रिज के नीचे भी लोगों ने गुमटियां रखकर अतिक्रमण कर रखा है।

### सात लोगों के निवेदन पर सात दिन का समय दिया

प्रतापनगर ब्रिज के नीचे सज्जाद के अलावा सात और भी लोगों ने अतिक्रमण कर वाहन स्टैंड, लकड़ी की टाल और झोपडिय़ां बना रखी हैं। अमला इन्हें हटाने पहुंचा तो लोगों ने समय देने की मांग की। इस पर सेतु निगम ने सात दिन का समय दिया है।

### लाइन में फॉल्ट होने से लगी आग, ब्रिज पर अंधेरा

आग लगने का स्पष्ट कारण तो पता नहीं चल पाया लेकिन आसपास के लोगों को कहना है कि यहां से गुजर रही बिजली की लाइन में फॉल्ट होने से आग लगी है। आग की चपेट में ब्रिज के ऊपर लगी स्ट्रीट लाइट की लाइन जल गई, इससे ब्रिज पर अंधेरा छाया हुआ है।

### सभी अतिक्रमण हटाकर तार फेंसिंग की जाएगी

*दोनों ब्रिज के नीचे से अतिक्रमण हटवाकर फेंसिंग की जाएगी। कुछ लोगों को नोटिस जारी किए हैं, बाकी को भी देंगे। अतिक्रमण करने वाले सज्जाद कुरैशी के खिलाफ थाने में आवेदन दिया है।*

**आरके गुप्ता,**
एसडीओ- सेतु निगम रतलाम

40 सरोवरों के निर्माण के लिए लगभग एक करोड़ रुपए की जन सहभागिता जुटाई गई

# अमृत सहेजने के लिए जन सहयोग से जिले में बनेंगे 100 सरोवर

पत्रिका सोशल प्राइड

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क 28-4
patrika.com

रतलाम. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा प्रदेश में अमृत सरोवरों का निर्माण कराया जा रहा है। इसी क्रम में मुख्यमंत्री के निर्देश पर रतलाम जिले में भी 100 अमृत सरोवर बनाने की रुपरेखा तय की गई है। इनके निर्माण में बड़े पैमाने पर जनसहभागिता प्राप्त की जाएगी।

अब तक 40 सरोवरों के निर्माण के लिए लगभग एक करोड़ रुपए की जन सहभागिता तय हो चुकी है जिस पर आगामी दिनों में अमल किया जाएगा। इस संबंध में कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में बैठक आयोजित की। इसमें सीईओ जिला पंचायत जमुना भिड़े के अतिरिक्त सरोवरों के निर्माण के लिए नियुक्त किए गए नोडल अधिकारी तथा निर्माण कार्यों में लगे ठेकेदार भी मौजूद थे।



कलेक्टर ने निर्देश दिए कि सरोवर निर्माण में जनसहभागिता के तहत जेसीबी मशीनों से किया जाने वाला कार्य आगामी 15 मई तक पूर्ण कर लिया जाए। इसके अलावा सभी सरोवरों का निर्माण आगामी 30 मई तक पूर्ण कर लिया जाएगा। जेसीबी मशीनों के अतिरिक्त सामग्री ट्रैक्टर ट्राली, जल परिवहन के लिए टैंकर भी शामिल रहेंगे।

## कौन कितने तालाब बनाएगा

खनिज विभाग ठेकेदारों के सहयोग से 16 तालाबों का निर्माण करवाएगा। लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन यंत्री अनुराग सिंह ने बताया चार तालाबों का निर्माण ठेकेदारों के सहयोग से कराया जा रहा है। पीआईयू 3 तालाब, एसडीएम रतलाम ग्रामीण द्वारा चार तालाब, हाउसिंग बोर्ड एक तालाब, नगर निगम रतलाम को दो तालाबों के निर्माण का जिम्मा सौंपा गया।

## बरतें पारदर्शिता

कलेक्टर ने कहा कि प्रशासन का आगामी 30 मई तक जिले में समस्त 100 तालाबों का निर्माण पूर्ण करने का लक्ष्य है। बैठक में कलेक्टर ने ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग के कार्यपालन यंत्री को निर्देशित किया कि जनसहयोग से जो काम तालाबों के निर्माण में होने वाले हैं, उस जनसहयोग कार्य को मनरेगा में काउंट नहीं करें, नहीं तो उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। कार्य में पूर्ण पारदर्शिता रखी जाएगी।

# एयर मार्शल प्रदीप कुमार बापट का सेवानिवृत्ति पश्चात् रतलाम आगमन पर सम्मान-अभिनंदन किया गया

सिंघम रिपोर्टर ▢ रतलाम

27-4

भारतीय वायु सेना के एयर मार्शल प्रदीप कुमार बापट के सेवानिवृत्ति पश्चात प्रथम रतलाम आगमन पर उनका आत्मीय स्वागत, सम्मान, अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर महाराष्ट्र समाज सभागृह में आयोजित कार्यक्रम में सांसद गुमानसिंह डामोर, कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम, महेंद्र गादिया, रतलाम महाराष्ट्र समाज के कोषाध्यक्ष राजेंद्र वाघ, पूर्व महापौर डॉ. सुनीता यार्दे, महेंद्र कटारिया, प्रेस क्लब अध्यक्ष राजेश जैन, प्रेस क्लब के सदस्यगण, पत्रकारगण तथा सामाजिक संस्थाओं के सदस्यगण उपस्थित थे।



मूलतः रतलाम जिले के जावरा निवासी सेवानिवृत्त एयर मार्शल श्री बापट का कार्यक्रम में पुष्पहारों से आत्मीय स्वागत किया गया।

इस अवसर पर सांसद गुमानसिंह डामोर ने अपने संबोधन में कहा कि देश के सैनिकों से मिलकर सदैव अद्भुत अनुभूति होती है। सैनिकों के योगदान से देश गौरवान्वित रहता है। सैनिकों द्वारा अपना जीवन देश की सेवा में समर्पित कर दिया जाता है। सैनिक के सम्मान से हम सभी व्यक्ति प्रसन्नता का अनुभव कर रहे हैं। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने अपने उद्बोधन में कहा कि श्री बापट द्वारा वायु सेना में उच्च पदों पर शानदार कैरियर का निर्वाह किया गया है। इनके सम्मान से हमें आत्मीय प्रसन्नता हो रही है। हम सब गौरवान्वित हैं। कलेक्टर ने श्री बापट को भावी जीवन के लिए शुभकामनाएं भी प्रेषित की।

कार्यक्रम में स्वागत उद्बोधन देते हुए श्री बापट के बाल सखा महेश मिश्रा द्वारा बाल्यकाल के संस्मरण सुनाए गए। कार्यक्रम का संचालन नीरज शुक्ला ने किया। आभार मुकेश गोस्वामी ने माना।

सीवरेज का मामला, गांधीनगर में परेशानी

# कनेक्शन करने खोदी सड़क, बगैर भराव चले गए कर्मचारी

**पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क**
patrika.com



**रतलाम.** शहर के गांधीनगर क्षेत्र में मकानों के पीछे सीवरेज कंपनी ने पाइप लाइन के कनेक्शन जोड़ने के लिए खुदाई तो की, लेकिन रोड पर सुधार किए बगैर ही चले गए। अब एक दो माह से रहवासी परेशान हो रहे है।

गांधीनगर क्षेत्र के रहवासियों ने बताया दो माह पूर्व सीवरेज कार्य के लिए कंपनी ने पक्की रोड को खोद दिया। घरों की गलियों में किए गए इस कार्य के बाद जो रोड खोदी गई, उसको खुला छोड़ दिया। अब गंदगी की बदबू घरों में आ रही है। क्षेत्रीय रहवासियों के ठेकेदार के कर्मचारियों को इस मामले में जानकारी दी तो उसने भी कोरा भरोसा दिया की कर्मचारी भेजकर सुधरवा देंगे, लेकिन इस कार्य के लिए कोई आया ही नहीं।

रहवासियों ने बताया कि पाइप लाइन को जोड़ने के लिए की गई खुदाई के बाद अब पेयजल साफ नहीं आ रहा है। कभी मटमेला पानी आ रहा है तो कभी गंदा व बदबूदार पानी आ रहा है। 28-4-22

सबसे अधिक परेशानी सीवरेज कार्य कंपनी की वजह से है। रोड की खुदाई के बाद उसको छोड़कर चले गए, नगर निगम में कोई अधिकारी आमजनता की सुनना ही नहीं चाहता है।

**- भावना पैमाल**, पूर्व पार्षद

मामले की जानकारी लगी है। स्वयं जाकर देखुंगा व रहवासियों को भरोसा दिलाता हूं की उनकी समस्या का समाधान जल्दी होगा। **- सोमनाथ झारिया**, आयुक्त नगर निगम

## रनिंग रूम के सामने आधी रात को जलाया कचरा



रतलाम. शहर के स्टेशन रोड पर बने हुए रेलवे के रनिंग रूम के दिनभर के कचरे को नगर निगम के कचरा मैजिक वाहन को देने के बजाए कर्मचारी रात होते ही कमरे के बाहर मुख्य रोड पर जला रहे है। मंगलवार - बुधवार देर रात करीब 12.15 बजे इसी तरह कचरा जलाया गया। चरा आधी रात को जब जलाया जाता है तब स्टेशन रोड के अधिकांश दुकानदार जा चुके होते हैं। ऐसे में उनको भय है कि किसी दिन कोई बड़ा हादसा नहीं हो जाए। ऐसे में रेलवे की जवाबदेही है कि वो कचरा नगर निगम के मैजिक वाहन में डलवाए, बजाए जलाने के। पत्रिका 28-4

लापरवाही **कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने स्वास्थ्य समिति की बैठक में दी चेतावनी**

# तीन दिन में डाटा एंट्री नहीं सुधारी तो एक माह का वेतन राजसात होगा



कलेक्टोरेट सभागार में बैठक को संबोधित करते हुए कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम। • नईदुनिया

28-4-22

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। कलेक्टोरेट सभाकक्ष में बुधवार शाम आयोजित जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम द्वारा समीक्षा करने पर मातृ व शिशु मृत्यु दर तथा प्रथम प्रसव पूर्व जांच की डाटा एंट्री लगभग सभी विकासखंडों में गलत पाई गई। अत्यधिक त्रुटिपूर्ण डाटा एंट्री पर कलेक्टर ने सख्त नाराजगी व्यक्त करते हुए चेतावनी दी कि तीन दिन में शत-प्रतिशत सुधार किया जाए अन्यथा एनएचएम अंतर्गत ब्लाक कम्युनिटी मोबिलाइजर का एक माह का वेतन काटा जाकर राजसात कर लिया जाएगा।

खराब डाटा एंट्री में एएनएम की भूमिका को देखते हुए मुख्य चिकित्सा व स्वास्थ्य अधिकारी डा. प्रभाकर ननावरे को निर्देशित किया कि जिले की पांच सबसे खराब परफार्मेंस वाली एनएम कार्यकर्ताओं को निलंबित कर विभागीय जांच करके सेवा समाप्त की जाए। सीईओ जिला पंचायत जमुना भिड़े, अपर कलेक्टर अभिषेक गेहलोत, आयुक्त नगर निगम सोमनाथ झारिया, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास रजनीश सिन्हा, सिविल सर्जन डा. आनंद चंदेलकर, पीडब्ल्यूडी के कार्यपालन यंत्री अनुराग सिंह, स्वास्थ्य विभाग से संबंधि अधिकारी, चिकित्सक तथा महि बाल विकास विभाग के अधिक उपस्थित रहे।


## शिशु मृत्यु के हर मामले की रिपोर्ट दें

बैठक के दौरान जिले में मातृ मृत्यु और शिशु मृत्यु मामलों की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने गर्भवती माताओं और नवजात शिशु की प्रोटोकाल अनुसार देखभाल करते हुए मातृ और शिशु मृत्यु में कमी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि मातृ व शिशु मृत्यु मामलों की प्रत्येक मामले की प्रतिमाह मासिक रिपोर्ट सीधे कलेक्टर को प्रस्तुत की जाए। प्रत्येक माह के प्रथम टीएल के दौरान विस्तृत समीक्षा की जाएगी।

---

# जिले में जनसहयोग से बनेंगे 100 अमृत सरोवर

### 40 सरोवरों के लिए करीब एक करोड़ रुपये की जनसहभागिता



रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के निर्देश पर जिले में भी जनसहभागिता से 100 अमृत सरोवर बनाए जाएंगे। अब तक 40 सरोवरों के निर्माण के लिए लगभग एक करोड़ रुपये की जन सहभागिता तय हो चुकी है। सरोवर निर्माण को लेकर बुधवार को कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में बैठक में ली। बैठक में सीईओ जिला पंचायत जमुना भिड़े के अलावा सरोवरों के निर्माण के लिए नियुक्त नोडल अधिकारी व निर्माण कार्यों के ठेकेदार उपस्थित रहे।

बैठक में कलेक्टर ने निर्देश दिए कि जनसहभागिता के तहत जेसीबी मशीनों से किया जाने वाला कार्य 15 मई तक व समस्त सरोवरों का निर्माण 30 मई तक पूर्ण कर लिया जाएगा। जन सहभागिता में जेसीबी मशीनों के अलावा सामग्री परिवहन के लिए ट्रैक्टर-ट्राली, जल परिवहन के लिए टैंकर भी शामिल रहेंगे। मजदूरी मनरेगा योजना से दी जाएगी। बताया गया कि खनिज विभाग 16 तालाबों, लोक निर्माण विभाग चार तालाबों, पीआइयू तीन, एसडीएम रतलाम ग्रामीण चार व हाउसिंग बोर्ड एक तालाब बनवाएगा। नगर निगम को दो तालाबों के निर्माण का जिम्मा सौंपा गया। कलेक्टर ने ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग के कार्यपालन यंत्री धनोतिया को सख्त रूप से निर्देशित किया कि जनसहयोग कार्य को मनरेगा में काउंट नहीं करें अन्यथा उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। 28-4

## यूनियन की 15 सूत्री मांगों के निराकरण पर चर्चा

रतलाम। नगर पालिक निगम कर्मचारी यूनियन की 15 सूत्री मांगों के निराकरण के संबंध में निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने निगम अधिकारी के साथ यूनियन के पदाधिकारियों से चर्चा की। यूनियन की मांगों के संबंध में चर्चा करते हुए 12 जायज मांग पर निगम आयुक्त झारिया ने सहमति प्रदान कर मांगों का समय-सीमा में निराकरण किए जाने हेतु संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया। बैठक में उपायुक्त विकास सोलंकी, कार्यपालन यंत्री सुरेशचंद्र व्यास, मोहम्मद हनीफ शेख, जीके जायसवाल, प्रभारी सहायक यंत्री सत्यप्रकाश आचार्य, लेखाधिकारी विजय बालोद्रा, निज सहायक सुभाष गोयल, सहायक वर्ग-दो गोपाल झालीवाल, सहायक वर्ग-तीन प्रकाश चौहान, यूनियन पदाधिकारी राजेंद्रसिंह राठौर, हेमंत सोलंकी, इलियास मंसूरी, कुलदीप भट्ट, कैलाश गेहलोत, हेमंत बंदोड़िया, मनीष परिहार, जयदीप गोहिल, योगेश कपूर, विशाल भटनागर आदि उपस्थित थे।

गर्मी से बचने के लिए बच्चे त्रिवेणी स्थित कुंड में पानी में लगा रहे गोते

# रतलाम में तापमान रेकॉर्ड 44 डिग्री पर पहुंचा, अब रात का तापमान 25.

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

रतलाम. अप्रेल माह में रतलाम जिले में इस बार गर्मी ने सारे रिकार्ड तोड़ दिए हैं। रतलाम में इस सीजन में पहली बार दिन का तापमान 44 डिग्री पर पहुंच गया जबकि रात का तापमान 25.2 डिग्री दर्ज किया गया है। तापमान में वृद्धि से हर कोई परेशान हो रहा है।

मौसम विभाग की माने तो आने वाले दिनों में दिन का तापमान और बढ़ सकता है। इसके साथ ही रात के तापमान में भी और अधिक वृद्धि की संभावना जताई गई है। आग उगलती इस गर्मी के चलते हर कोई इससे बचने के जतन करते नजर आ रहा हैं। दिन के समय में लोगों ने घर और दफ्तरों से बाहर निकलना कम कर दिया है। बहुत आवश्यक काम होने पर ही लोग बाहर आ रहे हैं।

नजर आ रही है। बीते 24 दिनों के दौरान 15 दिन तक दोपहर का तापमान 42 से 44 डिग्री के बीच बना रहा जिसके चलते कई दिन लू के हालात भी बने रहे। लगातार तपते मौसम के बीच मौसम विभाग को भी लू की चेतावनी जारी करना पड़ी थी। आग उगलती इस गर्मी से बचने के लिए हर कोई अपने स्तर पर जतन करता नजर आ रहा है। बाजार में सड़क किनारे बैठकर सब्जी बेचने वालों के द्वारा छतरियां खरीद ली गई है तो छोटे बच्चों के द्वारा सिविक सेंटर स्थित तरण ताल के साथ त्रिवेणी स्थित कुंड में डुबकियां लगाकर गर्मी से राहत ले रहे है।

## पेयजल पर नजर

गर्मी के बढ़ते साथ ही कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम स्वयं अब शहर सहित ग्रामीण अंचलों में पेयजल पर नजर रखने लगे हैं। कलेक्टर द्वारा हर दिन पेयजल को लेकर समीक्षा की जा रही है। फिलहाल जिन स्थानों पर पानी की किल्लत हो रही है, वहां पर पूर्ति के लिए टैंकर व अन्य स्त्रोतों से इसकी उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए हैं।

## लू की चेतावनी जारी

मौसम विभाग ने रतलाम में बढ़ते तापमान के बीच लू की चेतावनी भी जारी की है। ऐसे में संभावना जताई जा रही है कि आगामी 30 अप्रेल तक लोगों को आग उगलती इस गर्मी से राहत मिलने की फिलहाल कोई संभावना नहीं है। मौसम विभाग ने भी 29 और 30 अप्रेल को इसमें कोई अधिक बदलाव होने की आशंका जाहिर की है।



# जिले में जनसहयोग से बनेंगे 100 अमृत सरोवर

28-4-2022

## अब तक 40 सरोवरों के निर्माण के लिए लगभग एक करोड़ रुपए की जनसहभागिता जुटाई

### कलेक्टर ने बैठक लेकर समीक्षा की

रतलाम ● स्वदेश समाचार

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा प्रदेश में अमृत सरोवरों का निर्माण कराया जा रहा है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर रतलाम जिले में भी 100 अमृत सरोवर बनाने की रूपरेखा तय कर ली गई है। निर्माण में बड़े पैमाने पर जनसहभागिता प्राप्त की जाएगी। अब तक 40 सरोवरों के निर्माण के लिए लगभग एक करोड़ रुपए की जनसहभागिता तय हो चुकी है, जिस पर आगामी दिनों में अमल किया जाएगा।

इस संबंध में कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में बैठक आयोजित की। बैठक में सीईओ जिला पंचायत जमुना भिड़े के अलावा सरोवरों के निर्माण हेतु नियुक्त किए गए



नोडल अधिकारी तथा निर्माण कार्यों में संलग्न ठेकेदार उपस्थित थे।

बैठक में कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने निर्देश दिए कि सरोवर निर्माण में जनसहभागिता के तहत जेसीबी मशीनों से किया जाने वाला कार्य आगामी 15 मई तक पूर्ण कर लिया जाए। इसके अलावा समस्त सरोवरों का निर्माण आगामी 30 मई तक पूर्ण कर लिया जाएगा। जनसहभागिता में जेसीबी मशीनों के अलावा सामग्री परिवहन के लिए ट्रैक्टर ट्राली, जल परिवहन के लिए टैंकर भी शामिल रहेंगे। मजदूरी का पार्ट मनरेगा योजना से वहन किया जाएगा।

बताया गया कि खनिज विभाग ठेकेदारों के सहयोग से 16 तालाबों का निर्माण करवाएगा। लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन यंत्री अनुराग सिंह ने बताया कि उनके द्वारा 4 तालाबों का निर्माण ठेकेदारों के सहयोग से कराया जा रहा है। इसी प्रकार पीआईयू द्वारा तीन तालाब निर्मित कराए जाएंगे। एसडीएम रतलाम ग्रामीण द्वारा चार तालाब बनवाए जाएंगे। हाउसिंग बोर्ड भी एक तालाब बनाएगा। नगर निगम रतलाम को 2 तालाबों के निर्माण का जिम्मा सौंपा गया।

कलेक्टर ने कहा कि प्रशासन का लक्ष्य आगामी 30 मई तक जिले में समस्त 100 तालाबों का निर्माण पूर्ण करने का है। बैठक में कलेक्टर ने ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग के कार्यपालन यंत्री श्री धनोतिया को सख्त रूप से निर्देशित किया कि जनसहयोग से जो काम तालाबों के निर्माण में होने वाले हैं, उस जनसहयोग कार्य को मनरेगा में काउंट नहीं करें, अन्यथा उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। कार्य में पूर्ण पारदर्शिता रखी जाएगी।

**आंकड़ों में कमी लाने के दिए निर्देश,** पत्रिका ने उठाया था मुद्दा कलेक्टर ने लिया संज्ञान

# कलेक्टर ने मांगी मातृ-शिशु मृत्यु की रिपोर्ट

## आंकड़ों की गलती पर अधिकारियों को लगी फटकार

फॉलोअप



पत्रिका

प्रकाशित खबर।

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क 28-4-22
patrika.com

रतलाम. जिले में चल रही स्वास्थ्य सेवाओं में आंकडों का बड़ा खेल चल रहा है। यह खेल बुधवार को कलेक्टर कुमार पुरषोत्तम द्वारा आयोजित समीक्षा बैठक में खुल गया और आंकड़ों मे किए जा रहे गड़बड़झाले पर कलेक्टर ने जमकर नाराजगी जताई और संबंधित अधिकारियों को फटकार भी लगाई। इतना ही नहीं तीन दिन में आंकड़ों की इस गलती को सुधारने के निर्देश दिए है, नहीं तो कार्रवाई की बात कही है। इतना ही नहीं पत्रिका द्वारा उठाए गए मातृ मृत्यु और शिशु मृत्यु दर के आंकड़ों में कमी लाने की बात कही है। पत्रिका ने प्रमुखता से इस मुद्दे को उठाकर समाचार प्रकाशित किया था जिस पर कलेक्टर ने संज्ञान लिया है।

कलेक्टर ने बुधवार को जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक आयोजित की थी। इसमें कलेक्टर ने स्वास्थ्य योजनाओं कार्यक्रमों के क्रियान्वयन एवं प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान मातृ एवं शिशु मृत्यु दर तथा प्रथम प्रसव पूर्व जांच की डाटा एंट्री लगभग सभी विकासखंडों में गलत पाई गई। अत्याधिक त्रुटिपूर्ण डाटा एंट्री पर कलेक्टर ने नाराजगी जताते हुए चेतावनी देते हुए कहा कि तीन दिवस में डाटा एंट्री में शत-प्रतिशत सुधार किया जाए, नहीं तो एनएचएम अंतर्गत ब्लॉक कम्युनिटी मोबिलाइजर का एक माह का वेतन काटा जाकर राजसात कर लिया जाएगा।

### सेवा समाप्ति की जाए

कलेक्टर ने तीन दिन की समयसीमा में लक्ष्यपूर्ति करने के लिए निर्देशित किया है। उन्होंने सीएमएचओ को निर्देशित किया कि जिले में सबसे खराब परफॉर्मेंस वाली 5 महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के नाम प्रस्तावित कर निलंबन की कार्रवाई करें और विधिवत आरोप पत्र जारी कर विभागीय जांच कर सेवा समाप्त संबंधित कार्रवाई की जाए।

### मातृ और शिशु मृत्यु में कमी लाए

कलेक्टर ने जिले में गर्भवती माताओं और नवजात शिशु की प्रोटोकॉल अनुसार देखभाल करते हुए मातृ और शिशु मृत्यु में कमी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि मातृ मृत्यु का कोई भी मामला संज्ञान में आते ही इसकी रिपोर्ट सीधे प्रस्तुत की जाए। शिशु मृत्यु मामलों की प्रत्येक मामले की प्रतिमाह मासिक रिपोर्ट सीधे कलेक्टर को प्रस्तुत की जाए।

### जांच के निर्देश

इसी प्रकार डाटा एंट्री में गड़बड़ी में एएनएम की भूमिका को देखते हुए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर ननावरे को निर्देशित किया कि जिले की पांच सबसे खराब परफॉर्मेंस वाली एएनएम कार्यकर्ताओं को निलंबित किया जाए। उनकी विभागीय जांच करके सेवा समाप्त की जाए।

### पांच दिन बाद फिर होगी समीक्षा

कलेक्टर ने एनएचएम अंतर्गत कार्यरत ब्लॉक कम्युनिटी मोबिलाइजर का सात दिवस का वेतन या मानदेय काटने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कार्य में सुधार न होने की दशा में संबंधित का एक माह का वेतन राजसात किया जाएगा। उन्होंने इस संबंध में 2 मई को कार्य की प्रगति की पुनः समीक्षा किए जाने के निर्देश दिए।

### यह रहे मौजूद

बैठक में सीईओ जिला पंचायत जमुना भिड़े, अपर कलेक्टर अभिषेक गहलोत, आयुक्त नगर निगम सोमनाथ झारिया, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास रजनीश सिन्हा, सिविल सर्जन डॉ. आनंद चंदेलकर, पीडब्ल्यूडी के कार्यपालन यंत्री अनुराग सिंह, स्वास्थ्य विभाग से संबंधित अधिकारी, चिकित्सक तथा महिला बाल विकास विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

# नेशनल लोक अदालत का आयोजन 14 मई को



**सिंघम रिपोर्टर ☐ रतलाम**

27-4

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली (नालसा) एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार 14 मई को नेशनल लोक अदालत का आयोजन देश, प्रदेश के साथ ही जिला न्यायालय रतलाम एवं तहसील न्यायालय जावरा, सैलाना, आलोट में किया जावेगा।

नेशनल लोक अदालत के सफल आयोजन हेतु प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जि.वि.से.प्रा. राजेश कुमार गुप्ता द्वारा समस्त न्यायाधीशगण के साथ बैठक कर उन्हें अधिक से अधिक प्रकरणों को चिन्हित कर उन्हें निराकृत करने हेतु दिशा निर्देश प्रदान किये गये। मंगलवार को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष द्वारा नेशनल लोक अदालत के प्रचार-प्रसार हेतु न्यायालय परिसर में ऑटोरिक्शा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इसके साथ ही समस्त न्यायाधीशगणों की बैठक आयोजित की गई तथा तहसीलों के न्यायाधीशगणों की बैठक वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से बैठक ली गई तथा अधिक से अधिक संख्या में नेशनल लोक अदालत में प्रकरणों के निराकरण करने हेतु निर्देशित किया गया है।

नेशनल लोक अदालत में आँपराधिक प्रकरण 315, चैक बाउंस प्रकरण 1230, मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण 401, लेबर प्रकरण 105, विद्युत प्रकरण 240, वैवाहिक प्रकरण 83, सिविल प्रकरण 626, अन्य (भरण पोषण आदि) 281 प्रकरण रखे गए है। उक्त लोक अदालत की तैयारी हेतु अन्य विभागो जैसे बैंक, एमपीईबी, नगर पालिक निगम, बी.एस.एन.एल. के लेखाधिकारी, मोटर क्लेम प्रकरणों हेतु बीमा कंपनियों तथा उनके व आवेदकगण के-अधिवक्तागण की बैठके आयोजित की गई है जिसमें अधिक से अधिक संख्या में प्रकरणों को निराकरण करने हेतु निर्देशित किया गया है तथा आगामी नेशनल लोक अदालत में प्रकरणों के निराकरण हेतु आवश्यक प्रचार-प्रसार करने हेतु निर्देशित किया गया है।

लोक अदालत में शमनीय प्रकृति के आपराधिक प्रकरण, सभी प्रकार के सिविल प्रकरण, चेक अनादरण प्रकरण, भरण पोषण एवं वैवाहिक विवादों से संबंधित शमनीय प्रकरण, विद्युत चोरी के प्रकरण तथा संपत्तिकर, जलकर, एवं बैंक व अन्य विभागों के बकाया राशि के वसूली प्रकरणों का राजीनामे के आधार पर निराकरण किया जावेगा जिनमें विभिन्न विभागों द्वारा शासन के दिशा निर्देशानुसार वसूली राशि में छूट भी प्रदान की जावेगी।

## बाल विवाह रोकथाम अभियान हेतु कंट्रोल रुम स्थापित

रतलाम। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास ने बताया कि अक्षय तृतीया 5 अप्रैल के अवसर पर बाल विवाह रोकथाम अभियान अन्तर्गत जिला स्तरीय कंट्रोल रुम जिला बाल संरक्षण इकाई कक्ष क्रमांक 217 द्वितीय तल, नवीन कलेक्टोरेट में स्थापित किया गया है। कंट्रोल रुम के नोडल अधिकारी सहायक संचालक रविन्द्र कुमार मिश्रा मो.नं. 9425992575 तथा सहायक संचालक सुश्री अंकिता पंड्या 9406837268 बनाए गए है। बाल विवाह के सम्बन्ध में यदि किसी भी व्यक्ति को कोई जानकारी, शिकायत प्राप्त होती है तो उक्त नम्बरों पर सम्पर्क कर बाल विवाह की जानकारी दे सकते है ताकि बाल विवाह को रोका जा सके।

## नगर निगम के विभिन्न करों से 10.34 लाख राजस्व प्राप्त हुआ

सिटाग्य 27-4

रतलाम। संपतिकर, जलकर, लायसेंस, राजस्व, विकास शाखा, बिल्डिंग परमिशन के तहत नागरिकों द्वारा जमा कराये गये करो के तहत 26 अप्रैल को कुल राशि रूपये 10,34,699/- का राजस्व प्राप्त हुआ। नगर निगम के विभिन्न करो के तहत 26 अप्रैल को संपतिकर कार्यालय 488414, वसूली दल 158500 कुल 646914, जलकर कार्यालय से 315390, वसूली दल 41170 कुल 356560, स्पॉट फाईन 10000, दुकान-गुमटी किराया कार्यालय 4528, वसूली दल 16697 कुल 21225 इस तरह कुल राशि रूपये 10,34,699/- का राजस्व निगम को प्राप्त हुआ।

## मिड टाउन मैरिज हॉल सील कर किया 5000 का जुर्माना कचरा, गंदगी व अतिक्रमण करने पर 8 व्यक्तियों पर जुर्माना

27-4

सिटाग्य

रतलाम। कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम कुमार पुरूषोत्तम के निर्देशानुसार नगर में ऐसे दुकानदार व नागरिक जो कि खुले में कचरा डालकर शहर को गंदा करते है, मलबा डालकर व सामान से अतिक्रमण करते है, अमानक पॉलीथीन का उपयोग एवं विक्रय करते है, खुले में यूरिन करते हैं उन पर लगाम लगाने हेतु संबधितों पर स्पॉट फाईन की कार्यवाही की जा रही है जिसके तहत 26 अप्रैल को 8 व्यक्तियों पर जुर्माना किया गया साथ ही मिड टाउन मैरिज हॉल को कचरा एवं गंदगी करने पर सील कर 5000 की राशि का जुर्माना किया गया। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार त्रिपुरा वाईन शॉप नाहरपुरा पर 5000, मितदत्त पर 1000, सुमेर, जावेद, राजेश, रितेश पर 500-500 व रतन पर 300 रूपये का स्पॉट फाईन कर भविष्य में गंदगी, अतिक्रमण व अमानक पॉलीथीन का उपयोग ना करने की समझाईश दी। स्पॉट फाईन की कार्यवाही उपयंत्री राजेन्द्र मिश्रा के निर्देशन में स्पॉट फाईन दल द्वारा की गई।

## लाडली लक्ष्मी उत्सव 2 मई से 11 मई तक

रतलाम। लाडली लक्ष्मी उत्सव 2 मई से 11 मई तक आयोजित किया जाएगा। इस दौरान 2 मई को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा भोपाल से लाडली लक्ष्मी बालिकाओं से बात की जाएगी जिसका वर्चुअल प्रसारण सभी ग्राम पंचायतों में दिखाया जाएगा। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास योजना ने बताया कि लाडली लक्ष्मी उत्सव के दौरान पंचायत स्तर पर सभी लाडली लक्ष्मी बालिकाओं का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया।